कानपुर से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकजन संदेश

विश्वास तोड़ते नहीं, सच छोड़ते नहीं

वर्षः 10 अंक 152
पृष्ठ : 8 कानपुर महानगर,
बुधवार 16 अक्टूबर 2024
मूल्य रु 2.00



## भारत में कब से शुरू हो जाएगी 6जी सेवा ?



**पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत टेलीकॉम और उससे जुड़े तकनीक के मामले में दुनिया के सबसे हैपनिंग देशों में से एक है। भारत में जहां 120 करोड़ मोबाइल फोन उपयोगकर्ता हैं, 95 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जहां दुनिया के 40त्न से अधिक वास्तविक समय में डिजिटल ट्रांसेक्शन होते हैं, जहा डिजिटल कनेक्टिविटी को अंतिम-मील वितरण प्रभावी उपकरण के रूप में दिखाया 21वीं सदी मे भारत की मोबाइल और टेलीकॉम यात्रा पूरे विश्व के लिए स्टडी का विषय है।**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में केवल दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं और आज 200 से अधिक हैं। पहले हम ज्यादातर फोन विदेशों से आयात करते थे, आज हम भारत में पहले की तुलना में 6 गुना अधिक मोबाइल फोन का निर्माण कर रहे हैं। हम एक मोबाइल निर्यातक देश के रूप में जाने जाते हैं और हम यहीं नहीं रुके हैं, अब हम दुनिया को चिप्स से लेकर तैयार उत्पाद तक पूरी तरह से मेड-इन-इंडिया फोन उपलब्ध कराने में लगे हुए हैं। हम भारत में सेमीकंडक्टर में भी भारी निवेश कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ और विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (ङ्खञ्जस्न्र) का एक साथ होना भी महत्वपूर्ण हैं। ङ्खञ्जस्न्र का लक्ष्य गोबल स्टैंडर्ड पर काम कर रहा है। वही इंडिया मोबाइल क़ांग्रेस की बड़ी भूमिका सर्विसेज के साथ जुड़ी हुई है। आज भारत में गुणवत्ता सर्विसेज बहुत ज्यादा फोकस कर रहे है। हम मानक पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत टेलीकॉम और उससे जुड़े तकनीक के मामले में दुनिया के सबसे हैपनिंग देशों में से एक है। भारत में जहां 120 करोड़ मोबाइल फोन उपयोगकर्ता हैं, 95 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जहां दुनिया के 40त्न से अधिक वास्तविक समय में डिजिटल ट्रांसेक्शन होते हैं, जहां डिजिटल कनेक्टिविटी को अंतिम-मील वितरण प्रभावी उपकरण के रूप में दिखाया 21वीं सदी में भारत की मोबाइल और टेलीकॉम यात्रा पूरे विश्व के लिए स्टडी का विषय है। दुनिया में मोबाइल और टेलीकॉम को एक सुविधा के रूप में देखा गया, लेकिन भारत का मॉडल कुछ अलग रहा है। भारत में हमने टेलीकॉम को सिर्फ कनेक्टिविटी का नहीं, बल्कि इक्विटी और ऑपर्चुनिटी का माध्यम बनाया। ये माध्यम आज गांव और शहर, अमीर और गरीब के बीच की दूरी को मिटाने में मदद कर रहा है गया है, वहां पर चर्चा वैश्विक दूरसंचार की स्थिति और भविष्य पर चर्चा वैश्विक गुड का माध्यम बनेगा।भारत ने पिछले 10 साल में जितना ऑप्टिकल फाइबर बिछाया है, उसकी लंबाई धरती और चंद्रमा के बीच की दूरी से भी 8 गुना अधिक है। 2 साल पहले मोबाइल कांग्रेस में ही हमने 5त्न लॉन्च किया था, आज भारत का करीब-करीब हर जिला 5त्न सर्विस से जुड़ चुका है। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5त्न मार्केट बन चुका है और अब हम 6त्न टेकन्लॉजी पर भी तेजी से काम कर रहे हैं।

## लॉरेंस विश्नोई से बात करनी है तो आना होगा गुजरात



**इस साल अप्रैल में सलमान खान के आवास पर गोलीबारी की घटना में उसकी कथित संलिप्तता सामने आने के बाद, मुंबई पुलिस ने कई आवेदन दायर किए लेकिन कुख्यात गैंगस्टर को हिरासत में लेने में सफल नहीं हो सकी। मुख्य कारण केंद्रीय गृह मंत्रालय का एक आदेश है, जो बिश्नोई को अहमदाबाद की साबरमती जेल से स्थानांतरित करने पर रोक लगाता है।**

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व विधायक, महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री, अजित पवार गुट की पार्टी एनसीपी के नेता जिनकी बांद्रा में गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने कत्ल की जिम्मेदारी ली है। घटना के 10 घंटे बाद फेसबुक पर एक पोस्ट किया गया और इस हमले की जिम्मेदारी ली गई। इस पोस्ट में लिखा गया है कि सलमान खान और दाऊद इब्राहिम का जो भी साथ देगा उनसे हम बदला लेंगे। उन्हें मौत के घाट उतारेंगे। देखते ही देखते मीडिया में बिश्नोई गैंग को लेकर सनसनीखेज कहानियां तैरने लगी। कहा जा रहा है कि बिश्नोई से मुंबई पुलिस पूछताछ कर सकती है। वर्तमान में लॉरेंस गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती सेंट्रल जेल में बंद है। इस साल अप्रैल में सलमान खान के आवास पर गोलीबारी की घटना में उसकी कथित संलिप्तता सामने आने के बाद, मुंबई पुलिस ने कई आवेदन दायर किए लेकिन कुख्यात गैंगस्टर को हिरासत में लेने में सफल नहीं हो सकी। मुख्य कारण केंद्रीय गृह मंत्रालय का एक आदेश है, जो बिश्नोई को अहमदाबाद की साबरमती जेल से स्थानांतरित करने पर रोक लगाता है। अगस्त 2023 में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाते हुए कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की गतिविधियों पर प्रतिबंध को बढ़ा दिया था। ये निर्णय लॉरेंस बिश्नोई के आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए लिया गया था। ये प्रतिबंध अगस्त 2025 तक लागू रहेगा। 2023 की भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 303 (सीआरपीसी की धारा 268) के प्रावधानों के अनुसार इसे लगाया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता यानी बीएनएसएस को भारत में मौजूदा आपराधिक कानून ढांचे को आधुनिक बनाने और अपडेट करने के लिए पेश किया गया है। नए कानूनी प्रावधानों का उद्देश्य कानून व्यवस्था को और अधिक सशक्त करना है। बीएनएसएस की धारा 303 के तहत सरकार को ये अधिकार है कि वो सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए किसी कैदी की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा सके। ये धारा सीआरपीसी की पुरानी धारा 268 से मिलती जुलती है।

## जीशान सिद्दीकी भी थे निशाने पर



**नई दिल्ली।** एनसीपी अजित पवार गुट के नेता बाबा सिद्दकी की 12 अक्टूबर की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि उन्हें निर्देश मिले थे कि बाबा सिद्दीकी ही नहीं उनके बेटे जिशान भी उनके निशाने पर थे। खबर के अनुसार शूटर्स को निर्देश मिले हुए थे कि जो भी मिले उसे मार डालो। पूछताछ में आरोपियों ने अपने प्लान के बारे में भी बताया है। खबरों के अनुसार आरोपियों ने पहले बाबा सिद्दीकी और फिर उनके बेटे की आंखों पर काली मिर्च वाला स्प्रे मारना चाहते थे उनका सोचना था कि ऐसे सिद्दीकी परिवार के लोगों को दिखना बंद हो जाएगा। लेकिन ये प्लान पूरा नहीं हो पाया क्योंकि इस केस के आरोपी शिव कुमार गौतम ने सारे प्लान छोड़ते हुए फायर प्लान खोल दिया। जिससे अन्य आरोपियों को भी पहले ही फायर करना पड़ा। बाबा सिद्दीकी के साथ एक और व्यक्ति को गोली लगी थी। जिस समय गोली जीशान सिद्दीकीचली वो मौका-ए-वारदात से गुजर रहा था। उसी समय व्यक्ति को गोली लग गई। उसे उपचार के लिए भाभा अस्पताल भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि जीशान खाना खाने के लिए पहले ही निकल चुके थे। सूत्रों ने बताया कि अगर जीशान सिद्दीकी खाने के लिए निकले नहीं होते, तो उनकी भी हत्या हो सकती थी। जीशान बांद्रा से ही कांग्रेस विधायक हैं। उनके विधानसभा क्षेत्र में स्क्र री-डेवलपमेंट को लेकर विवाद चल रहा था। इस री-डेवलपमेंट के तहत झुग्गियों को तोड़कर वहां रह रहे लोगों को हटाया जाना था। इसके विरोध में जीशान ने अनशन भी किया था। री-डेवलपमेंट के विरोध को लेकर बाबा सिद्दीकी को धमकी भी दी गई थी।

## 7 नॉमिनेटेड एमएलसी के शपथ ग्रहण पर रोक लगाने की उद्धव सेना ने की मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा से कुछ घंटे पहले बॉम्बे हाई कोर्ट ने नवनियुक्त 7 एमएलसी के शपथ ग्रहण समारोह पर रोक लगाने की मांग करने वाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना की याचिका खारिज कर दी। हाई कोर्ट ने शपथ लेने से इनकार कर दिया, इसलिए महाराष्ट्र विधान परिषद की उपाध्यक्ष नीलम गोरे जल्द ही सात नव मनोनीत एमएलसी को शपथ दिलाएंगी। सात नामों में से तीन नामांकन के साथ भाजपा को बड़ा हिस्सा मिला। एकनाथ शिंदे की शिवसेना और एनसीपी को दो-दो सीटें मिलीं। विधान परिषद के उपाध्यक्ष ने एक बयान जारी किया नंबर आरजेबी 2024/453/सी.आर.150/आरजेबी-जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 74 के अनुसरण में महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए नामांकित सदस्यों के नाम भारत के संविधान के अनुच्छेद 171 के खंड (3) के उप-खंड (ई) और खंड (5) के तहत महाराष्ट्र के राज्यपाल को सामान्य जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है। सात नामों में से तीन नामांकन के साथ भाजपा को बड़ा हिस्सा मिला। एकनाथ शिंदे की शिवसेना और एनसीपी को दो-दो सीटें मिलीं।

## एशिया के सबसे बड़े टेक इवेंट का आगाज, पीएम मोदी ने बताई भारतीय टेक्नोलॉजी की ये बातें



**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में पहले दूरसंचार मानक सम्मेलन का उद्घाटन किया। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) द्वारा आयोजित किया जाता है। यह सम्मेलन 15 अक्टूबर को इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के साथ होगा। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ-विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (आईटीयू-डब्ल्यूटीएसए) 2024 भारत और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहली बार भारत मंडपम में आयोजित की जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत टेलीकॉम और उससे जुड़े तकनीक के मामले में दुनिया के सबसे हैपनिंग देशों में से एक है। भारत में जहां 120 करोड़ मोबाइल फोन उपयोगकर्ता हैं, 95 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जहां दुनिया के 40त्न से अधिक वास्तविक समय में डिजिटल ट्रांसेक्शन होते हैं, जहां डिजिटल कनेक्टिविटी को अंतिम-मील वितरण प्रभावी उपकरण के रूप में दिखाया गया है, वहां पर चर्चा वैश्विक दूरसंचार की स्थिति और भविष्य पर चर्चा वैश्विक गुड का माध्यम बनेगा।अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ और विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा का एक साथ होना भी महत्वपूर्ण हैं। ङ्खञ्जस्न्र का लक्ष्य गोबल स्टैंडर्ड पर काम कर रहा है। वही इंडिया मोबाइल क़ांग्रेस की बड़ी भूमिका सर्विसेज के साथ जुड़ी हुई है। आज भारत में गुणवत्ता सर्विसेज बहुत ज्यादा फोकस कर रहे है। हम मानक पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। डब्ल्यूटीएसए 2024 के साथ ही इंडिया मोबाइल कांग्रेस का आठवां संस्करण भी हो रहा है।

## गिरिराज की हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर एनडीए में तकरार

**जदयू नेता यात्रा के लिए गिरिराज सिंह के प्रस्ताव की आलोचना कर रहे हैं। जदयू नेताओं का दावा है कि यह राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ देगा और ऐसा लगता है कि यह 2025 के विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ के लिए दंगे कराने का प्रयास है।**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा बिहार में मुस्लिम आबादी वाले पांच जिलों में चार दिवसीय हिंदू स्वाभिमान यात्रा निकालने वाले हैं। हालांकि, इसको लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच एक और विवाद पैदा हो गया है। दोनों दल एनडीए का हिस्सा हैं। जद (यू) नेता यात्रा के लिए गिरिराज सिंह के प्रस्ताव की आलोचना कर रहे हैं। जदयू नेताओं का दावा है कि यह राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ देगा और ऐसा लगता है कि यह 2025 के विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ के लिए दंगे कराने का प्रयास है।गिरिराज के हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर जदयू के एमएलसी नीरज कुमार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ग्लोबल लीडर और क्लाइमेट थिंकर हैं। वह लगातार जनता से सीधे संवाद करते हैं। स्वाभिमान यात्रा (हिंदू) की बात करें तो देश के अंदर संविधान है और संविधान यह शपथ दिलाता है कि जाति-धर्म से ऊपर उठकर काम करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यही शपथ लेकर संसदीय जीवन में काम किया जाता है। गिरिराज को सलाह देते हुए नीरज कुमार ने कहा कि एक हाथ में हिंदू स्वाभिमान यात्रा ले लीजिए और दूसरे हाथ में संविधान की शपथ के कागजात रख लीजिए। अच्छा लगेगा। हालाँकि, अपनी आक्रामक बयानबाजी के लिए जाने जाने वाले गिरिराज सिंह ने अपने प्रस्ताव का बचाव करते हुए कहा है कि यात्रा हिंदुओं के बीच एकता लाएगी और जो लोग अब आपत्ति जता रहे हैं, उन्होंने तब नहीं किया था जब (राष्ट्रीय जनता दल नेता) तेजस्वी यादव ने मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट करने के लिए एक यात्रा का आयोजन किया था। हिंदुत्व विचारधारा के एक प्रमुख चेहरे के रूप में देखे जाने वाले गिरिराज सिंह ने कहा कि %हिंदू स्वाभिमान यात्रा% हिंदुओं को एकजुट करेगी, ताकि उन्हें बांग्लादेश में हिंदुओं की तरह काटा ना जाए। यात्रा भागलपुर से शुरू होगी, जहां से जदयू नेता अजय कुमार मंडल सांसद हैं।

## वक्फ बोर्ड पर गठित जेपीसी की बैठक में हंगामा, सभी विपक्षी सांसदों ने फिर किया वॉकआउट



**नई दिल्ली।** वक्फ विधेयक पर संयुक्त समिति की हो रही बैठक से विपक्षी दलों के सांसदों ने फिर से वॉकआउट किया है। विपक्ष के कई सांसदों ने भाजपा सदस्य पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। यह घटना सोमवार को वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 से संबंधित प्रस्तुति के बहिष्कार के बाद हुई, जो 2012 कर्नाटक वक्फ घोटाला रिपोर्ट पर आधारित है। प्रस्तुतिकरण कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष और कर्नाटक भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष अनवर मन्निपड्डी द्वारा दिया गया था।संसद की संयुक्त समिति की बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी सदस्यों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई और यह हंगामेदार रही। विपक्षी दलों के सदस्यों ने मुसलमानों से संबंधित कानून पर चर्चा के लिए हिंदू समूहों के सदस्यों को बुलाने के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया। मणिप्पडी ने वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने में कथित संलिप्तता के लिए खरगे और रहमान खान सहित कर्नाटक के कई कांग्रेस नेताओं और अन्य का नाम लिया। विपक्षी सांसदों ने संसदीय समितियों की कार्यवाही के नियमों का हवाला देते हुए दावा किया कि ऐसी समितियों की बैठकों में उच्च पदों पर आसीन व्यक्ति' के खिलाफ अप्रमाणित आरोप नहीं लगाए जा सकते।

## फ्रीबीज पर नई याचिका, सुप्रीम कोर्ट का केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त देने के वादे को रिश्वत घोषित करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र और भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को नोटिस जारी किया है। याचिका में यह भी अनुरोध किया गया है कि चुनाव आयोग ऐसे वादों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कदम उठाए। मामले पर कानूनी स्पष्टता की मांग के अलावा, याचिका में चुनाव आयोग से आग्रह किया गया है कि राजनीतिक दलों को चुनाव से पहले मुफ्त के वादे करने से रोकने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाए जाएं। इस मामले के नतीजे का भारत में चुनावी प्रथाओं पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई थी, जब वकील और पीआईएल याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने मामले की तत्काल सुनवाई की मांग की थी ।उपाध्याय की याचिका में कहा गया है कि मतदाताओं से अनुचित राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए लोकलुभावन उपायों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि वे संविधान का उल्लंघन करते हैं, और चुनाव आयोग को उचित निवारक उपाय करने चाहिए। इसने अदालत से यह घोषित करने का भी आग्रह किया कि चुनाव से पहले सार्वजनिक धन से अतार्किक मुफ्त का वादा मतदाताओं को अनुचित रूप से प्रभावित करता है, समान अवसर को परेशान करता है और चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता को खराब करता है ।याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुफ्त सुविधाएं देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की राजनीतिक दलों की हालिया प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है, बल्कि संविधान की भावना को भी चोट पहुंचाती है।

## झारखंड चुनाव की घोषणा को लेकर जेएमएम ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के संबंध में आज चुनाव आयोग की घोषणा से पहले, भाजपा नेता प्रतुल शाह देव ने शासन में कुशासन, भ्रष्टाचार, कुशासन का हवाला देते हुए सत्तारूढ़ झामुमो पार्टी पर हमला किया और दावा किया कि झामुमो को करारी हार का सामना करना पड़ेगा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव के बाद सोरेन राजवंश के आखिरी राजकुमार होंगे। एएनआई से बात करते हुए बीजेपी नेता प्रतुल शाह देव ने कहा कि हम पूरी तरह से तैयार हैं क्योंकि यहां चुनाव होने वाले थे और विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी को खत्म हो रहा था, इसलिए चुनाव उससे पहले कराने पड़े। भाजपा नेता ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा इतना घबरा गया है कि उसने आधिकारिक तौर पर पोस्ट किया गया कि यह लोकतंत्र की हत्या है और वे समय से पहले चुनाव करा रहे हैं।

### सीएम योगी के मिशन शक्ति का दिखा असर

## बेटियां बनीं एक दिन की डीएम-एसपी

**लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ओ के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की आठवीं की छात्रा अग्रिमा धवन ने डीएम की कुर्सी संभाली।**




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेटियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसी के तहत सीएम योगी के निर्देश पर शारदीय नवरात्र में मिशन शक्ति के तहत प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी कड़ी में शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक दिन का डीएम, सीडीओ, एसडीएम और एसपी बनाया गया। इस दौरान बेटियों ने शिकायतों को सुन त्वरित निस्तारण भी किया। सीएम योगी का आभार जताते हुए बेटियों ने कहा कि इस पहल से आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कड़ी मेहनत कर भविष्य में प्रशासनिक सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात भी कही। लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ओ के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की आठवीं की छात्रा अग्रिमा धवन ने डीएम की कुर्सी संभाली। एक दिन की डीएम अग्रिमा ने जनसुनवाई के दौरान सब्जियों के दाम कंट्रोल करने के निर्देश दिये। इसके अलावा जिले की सभी सातों तहसील क्रमश- लखीमपुर में भाव्या सिंह, गोला में स्मृति सिंह, पलिया में निधि गुप्ता, धौरहरा में अनन्या रस्तोगी, निघासन में अनुष्का पटेल, मोहम्मदी में नन्दिनी गुप्ता, मितौली में खुशबू राठौर ने सांकेतिक रूप से एसडीएम की भूमिका अदा की। जौनपुर के डीएम दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि इंटर में जिले की टॉपर सजल गुप्ता ने डीएम की कुर्सी संभाली। उन्होंने 87 मामलों की सुनवाई कर 14 मामलों का निस्तारण किया। मीरजापुर की डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि मेधावी छात्रा शिवांशी द्विवेदी को डीएम और लक्ष्मी रतन मौर्य को सीडीओ बनाया गया। बेटियों ने महिला संबंधी मामलों के निस्तारण में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये। गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी ने बताया कि हाईस्कूल की मेधावी छात्रा प्रियंका कुशवाहा को एक दिन का डीएम बनाया गया। उन्होंने जनता दर्शन में समस्याएं सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिये। शामली डीएम अरविंद चौहान ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जिले की इंटर की टॉपर आकांक्षा को डीएम बनाया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। सीतापुर डीएम अभिषेक आनंद ने बताया कि बेटी अर्पिता सिंह को एक दिन का डीएम, प्रतीक्षा सिंह को एसपी, संध्या मिश्रा को सीडीओ बनाया गया। बेटियों ने जनसुनवाई कर समस्या का निस्तारण किया।

## ईवीएम को लेकर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल, बीजेपी ने बताया हार का बहाना



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए तैयार है। सभी विवरण प्रकट करने के लिए अपराह्न 3-30 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस निर्धारित की गई है। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त होगा, जबकि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी, 2025 को समाप्त होगा। हालांकि, इसको लेकर सियासत तेज हो गई है। विपक्ष और भाजपा आमने-सामने हैं। कुछ विपक्षी दल समय को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं तो कुछ ईवीएम को लेकर भी आयोग से पूछ रहे हैं। इन सबके बीच कांग्रेस नेता राशिद अल्वी के बयान पर भाजपा हमलावर हो गई है। राशिद अल्वी के बयान पर पलटवार करते हुए बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही कांग्रेस के कहने पर राशिद अल्वी ने हथियार डाल दिए और हार स्वीकार कर ली। यह हार स्वीकार करने का बयान है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में चुनाव में हार के बाद उन्होंने ईवीएम को दोष दिया, लेकिन यहां तो पहले से ही ईवीएम को दोष दिया जा रहा है। क्योंकि ईवीएम को निशाना बनाना राहुल गांधी को हार से बचाने का एक बहाना है। भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि जब वे तेलंगाना, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर में ईवीएम की मदद से चुनाव जीतते हैं, तो ठीक है, लेकिन जैसे ही वे हार जाते हैं, वे ईवीएम का दुरुपयोग करते हैं। यह संविधान के प्रति सशर्त प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## विपक्ष के आरोपों का चुनाव आयुक्त ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव की तारीखों की चुनाव आयोग की घोषणा से पहले विपक्षी दलों ने एक बार फिर ईवीएम में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। हालांकि, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि जनता ने मतदान में भाग लेकर सवालों का जवाब दे दिया है। कुमार ने कहा कि जनता मतदान में भाग लेकर सवालों का जवाब देती है। जहां तक ? ?ईवीएम का सवाल है, वे 100 फीसदी फुलप्रूफ हैं। अगर वे आज फिर सवाल उठाएंगे तो हम उन्हें फिर से बताएंगे।इससे पहले, कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने इजरायल द्वारा आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के पेजर्स को हैक करने का उदाहरण देते हुए दावा किया था कि ईवीएम में हेरफेर किया जा सकता है।

## मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन

लोक जनसंदेश

जनपद हापुड़ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानजयं सिंह के निर्देशन में जनपद में गठित एष्टी रोमियो टीमों द्वारा महिलाओं बालिकाओं के सुरक्षाथ चलाए जा रहे मिशन अभियान के तहत गांकि करण विधास का वातावरण बनाने नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन महिला कत्याग व बाल विकास हेतु में महिला सुरक्षा एवं रचतों रोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दूटि स्कूल कलित्र कोचिंग सेंटर मुख्य बाजारों बस स्टेंड रेलवे स्टेशन दि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के आसपास एवं प्रीक्षेत्र के गांव भात्रों करनों में भ्रमणतीत रहकर सतत निगरानी रखी जा रही है यही महिलाओं पालिकाओं से वार्ता कर जनपरीक्षा नारी सम्मान एवं नारी सावन की दिशा में चलाई जा रही

## युवक का अपहरण कर हत्या का प्रयास, दो महिलाओं समेत छह पर मुकदमा दर्ज



जनपद के थाना हापुड़ कोतवाली क्षेत्र के गांव गोयना में कुछ लोगों ने युवक का कार से अपहरण कर उसकी हत्या का प्रयास किया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर महिलाओं समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है गांव निवासी नंदकिशोर सैनी ने बताया कि वह वाणिज्य कर विभाग में कार्यरत है। 18 फरवरी 2023 को किसी ने मकान व सैनी मार्केट की दीवारों पर गलत टिप्पणी लिखकर एक मोबाइल नंबर अंकित कर दिया और नंबर पर उसके पुत्र द्वारा फोन करने के कारण गांव के ही तेजपाल, किरण पाल, दिव्यांशु, मोहित, अनीता व मंजू मोदीनगर रोड बिजली घर के सामने उसके पुत्र राहुल सैनी के जिम में पहुंचे और मार पिटाई करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने गाड़ी में बैठकर उसका अपहरण कर हत्या का प्रयास किया। मामला सीसीटीवी में कैद हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है

## विवाहिताओं ने लगाया पतियों पर हत्या के प्रयास का आरोप



हापुड़। गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दो विवाहिताओं ने अलग अलग अपने पतियों पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई है गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी है। शराब पीने से रोकने पर पति अभद्रता करते हुए पिटाई भी करता है। कुछ दिन पहले भी जब उसने पति को शराब पीने से रोका, तो आरोपी ने गला दबाकर उसकी हत्या करने की कोशिश की। किसी तरह वह आरोपी के चंगुल से छूट कर वह मायके पहुंच गई उधर थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव निवासी विवाहिता ने बताया कि उसके गांव निवासी व्यक्ति का भांजा तरुण निवासी अमर कॉलोनी ज्योतिनगर दिल्ली अधिकतर गांव में ही रहता था। 31 जनवरी को उसने व आरोपी ने कोर्ट मैरिज कर ली। शादी के कुछ दिनों बाद दहेज में कार व 20 लाख रुपये अतिरिक्त मांग कर पति तरुण, सास अनीता, ससुर सुरेश, देवर निखिल व ममिया ससुर अमरीश उर्फ बोबी उत्पीड़न कर उसकी पिटाई करने लगे। पांच सितंबर 2024 को आरोपियों ने जान से मारने की नियत से गले में पड़ी चुन्नी से गला दबाकर उसकी हत्या का प्रयास किया सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मामलें में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## आर्य समाज मंदिर के 88 वें वार्षिकोत्सव आयोजित



संवाददाता

सांडी, हरदोई ।आर्य समाज मंदिर् के 88 वें बार्षिकोत्सव के तीसरे दिवस यज्ञ की वेदी पर आचार्य विम्ल कुमार आर्य ने यज्ञ के महत्व को वैज्ञानिक दृष्टि कोण रखते हुए कि जीवन को सुखी रखना है तो यज्ञ करे। आर्य समाज मंदिर के सायंकाल कार्यक्रम में आर्य वानप्रस्थ आश्रम ज्वालापुर हरिद्वार के आचार्य शैलेश मुनि सत्यार्थी ने मधुर कंठ से सरल तरीके से कहा कि यज्ञ के द्वारा मानव को मोक्ष तक पहुँचने का मार्ग बताया।मेरठ से पधारे पं0 अनिल दत्त नादान भजनोपदेशक ने महार्षि मनु के द्वारा बताये गये मन,वाणी,और शरीर के दोष और मन को पवित्र बनाने .के साधु पर दर्शनों के सूत्रों का गीतो के द्वारा जनमानस को समझाया।यज्ञ मे मंगलवार को यज्ञ मान कैलाश चन्द शर्मा बने ।इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राजाराम कुशवाहा,राजेश कुमार शर्मा,वेदकिशोर गुप्ता,रामनाथ आर्य,राजीब श्रीवास्तव,सुशील तिवारी,रघुवीर गुप्ता ,राजकुमार गुप्ता,राकेश चन्द्र शर्मा,राजकुमार गुप्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान




संवाददाता हापुड़) लोक जन संदेश

जनपद हापुड पुलिस अधीक्षक एसपी अभिषेक वर्मा के निर्देशनपर जनपद में थाना प्रभारियों द्वारा बैंक एएम व्यापारिक प्रधान तथा अन्य वितीय संस्थानों के सुरक्षार्थ दोपहिया को पैकिंग हेतु विशेष पैकिंग अभियान चलाया गया जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी थारा प्रभारियों द्वारा पुलिस फोर्स के साथ अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत बैंक एलैएम पेट्रोल व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं वित्तीय संस्था एवं लेन देने के महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचे और अपने अपने थाना क्षेत्र में स्थान चिनित कर सपन चैकिंग की गयी जनपद पुलिस द्वारा सभी बैंक एटीएम पेट्रोल पम्प आदि पर जाकर सीसीटीवी कैमरा अलार्म सिस्टम की स्थिति चेक की गयी साथ ही सभी प्रबन्धन से कुशलता जान गई व का पैमरा की दिशा रोड भी कवर करे प्रकार नंबर सामने आ जाते हैं त बैंक एटीएम के आसपास खड़े कि पम्पहीन किंग की गई सुरक्षा में पुलिस कर्मियों द्वारा बैंक एम सुरक्षागार्ड के स्वथ नम्बर आदान प्रदान किये गये

## फैक्टरी में काम करते समय बुजुर्ग महिला को लगा करंट, मौत




गाजियाबाद

लोनी। बॉर्डर थाना क्षेत्र के राजीव गार्डन कॉलोनी में फैक्टरी में काम करने के दौरान बुजुर्ग महिला को करंट लग गया। उपचार के दौरान दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में महिला की मौत हो गई। महिला के पति ने फैक्टरी मालिक और वर्करों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है रामवीर निवासी गली नंबर-6 राजीव गार्डन कॉलोनी ने बताया कि उनकी पत्नी भूरी देवी (59) घर से कुछ दूर पर पाउडर कोटिंग की फैक्टरी में काम करती थीं। वह फैक्टरी में पैकिंग का काम करती थीं। फैक्टरी मनवीर सिंह की है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी फैक्टरी में काम करने गई थीं। करीब चार बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी पत्नी भूरी देवी (59) को करंट लगा है और दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती हैं। वह और परिवार के अन्य सदस्य दिल्ली के जीटीबी अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में पता चला कि भूरी देवी के नाम से कोई मरीज नहीं है। इसके बाद उन्होंने अस्पताल के स्टाफ से पूछा कि लोनी से किसी को करंट लगा है और भर्ती होने आया है। तब अस्पताल के स्टाफ ने किसी ओमवती देवी नाम की महिला के करंट लगने से घायल होने पर महिला के भर्ती होना बताया। उन्होंने ओमवती को जाकर देखा तो पता चला कि वह महिला ओमवती नहीं भूरी देवी हैं। भूरी देवी के साथ कोई नहीं था। डॉक्टरों ने बताया कि जो लोग भूरी देवी को भर्ती कराने आए थे, वह काफी देर से नहीं आए हैं। उन्होंने बताया कि भूरी देवी को मनवीर सिंह और उसके अन्य वर्करों ने भर्ती कराया है। मनवीर सिंह ने साजिश के तहत ऐसा किया है। उसकी लापरवाही से ही काम करने के दौरान भूरी देवी को करंट लगा है। फैक्टरी मालिक और वर्करों ने उन्हें जानकारी नहीं दी और अस्पताल में भी गलत जानकारी दी। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



संवाददाता

माधौगंज,हरदोई ।महिला शक्ति मिशन के पांचवें चरण में सीओ बिलग्राम ने स्कूल की बालिकाओं के साथ गांव में जागरूकता रैली निकाली निकालकर किया जागरूक रैली में पुलिस फोर्स के साथ बच्चे नारी के सबल होने के नारे लगा रहे थे ।थाना क्षेत्र के गांव तपनौर स्थित महात्मा मंगूलाल इंटर कालेज में मिशन शक्ति अभियान में सीओ सुनील कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को डरने की जरूरत नहीं है वह निर्भीकता से गलत व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस की मदद से डटकर कानूनी कार्रवाई करवाने के लिए आगे बढे जिससे गांव की दूसरी बेटियों में हिम्मत बढ़ेगी ।मनचले युवकों व पीछा करने वाले युवकों की शिकायत स्कूल में लगी पिंक पेटिका में पत्र के माध्यम से दी जाए।इस पेटिका को बीट दरोगा द्वारा खोलकर कार्रवाई की जाएगी। शिकायत करने वाली बेटी का नाम गोपनीय रखा जायेगा थानाध्यक्ष के के यादव ने सीयूजी नंबर को बालिकाओं को लिखाते हुए कहा कि वह खुद के अलावा गांव में महिलाओं पर होने वाले अपराधों की सूचना दे सकती है। महिला आरक्षी माजिदा चौहान व अनीता यादव ने बालिकाओं को टोलफ्री नंबर सहित सरकार की महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजना की जानकारी दी। सीओ के नेतृत्व में गांव की महिलाओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। बालिकाएं तख्ती पर जागरूकता स्लोगन के नारे लगाते हुए चल रही थी। विद्यालय संचालक महेंद्र सिंह( कुलदीप )ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर आरक्षी अखिलेश यादव,आराधना,अनीता,रीता वह ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार उर्फ़ डी के आदि लोग मौजूद रहे।

## 16 अक्टूबर तक कराये ई0के0वाई0सी0

संवाददाता

हरदोई। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकान्त ने सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 से पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समस्त संस्थाओ के Institue Nodal Officer INO Principal HOI का संस्था द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल से ई0के0वाई0सी वैरीफिकेशन ऑप्शन से दोनों लोगों की ई0-के0वाई0सी0 पूर्ण करने के उपरान्त अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में 14 से 16 अक्टूबर 2024 को प्रातः 11.00 बजे से 04.00 बजे तक उपस्थित रहकर बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन की प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु उपस्थित हों। समस्त शिक्षण सस्थान प्रत्येक छात्र/छात्रा का बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन (ई0-के0वाई0सी0) करने के उपरान्त ही छात्रवृत्ति आवेदन पत्र अग्रसारित कर सकेगें। यदि शिक्षण संस्थानों द्वारा उक्त कार्यवाही निर्धारित समय में नहीं की जाती है, तो शिक्षण संस्थानों में अध्ययरनत समस्त छात्र/छात्राऐं छात्रवृत्ति से वचित हो जायेंगें जिसके लिये शिक्षण संस्थान स्वंय उत्तदायी होंगे।

## अक्तूबर को उद्यमी मेला, 17 अक्तूबर से 18 अक्तूबर को आयोजित होगा ड्राइव इन सिनेमा फेस्ट




हापुड़। विकास प्राधिकरण के 50 साल पूरे होने पर प्रदेश में विकास प्राधिकरण में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण भी 17 अक्तूबर को उद्यमी मेले का आयोजन कर रहा है प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि 17 अक्तूबर से 18 अक्तूबर को सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक ड्राइव इन सिनेमा फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय उद्यमी मेले में जिले के उद्योगपति शामिल होंगे। इसके अलावा दो दिन हापुड़ को विकास में पंख लगाने के लिए उद्यमियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वहीं जिले के विशेष उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। जहां पर उनकी जानकारी भी दी जाएंगी वीसी डॉ नितिन गौड़ ने बताया कि ड्राइव-इन- सिनेमा सिर्फ़ एक थिएटर नहीं है, यह आपको सितारों के नीचे शानदार सेटिंग के साथ उच्च गुणवत्ता वाली ध्वनि के साथ एक बेहतरीन सिनेमा अनुभव प्रदान करता है

## पुलिस अधीक्षक ने कहा किशिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ करें

हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश )= हापुड़ जनपद के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह आईपीएस ने मंगलवार की प्रातः 10=00 बजे से अपराह्न तक जन सुनवाई की। बता दे कि आईपीएस कुंवर ज्ञानंजय सिंह का यूपी पुलिस फोर्स में एक बड़ा नाम है। 1994 बैच के पीपीएस कुवंर ज्ञानंजय सिंह दिसंबर, 2023 में आईपीएस बने। हापुड़ जनपद में पुलिस अधीक्षक बनने से पूर्व वे कमीशनरेट गाजियाबाद में डीसीपी सिटी रहे। कुंवर ज्ञानंजय सिंह का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेशानुसार एवं मंशारूप हमारी प्राथमिकता है कि हम जनपद में किसी भी प्रकार के अपराध को ना होने दे। जनपद में किसी का भी मानसिक, शारीरिक व आर्थिक उत्पीड़न नहीं होना चाहिए और यदि किसी का हुआ हो तो उसे त्वरित कार्यवाही करते हुए न्याय दिलाना हमारा उदेश्य होना चाहिए। उन्होने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को आदेशित किया कि वह सुबह 10=00 बजे से तब तक जनसुनवाई करें जब तक कोई पीड़ित व्यक्ति जनसुनवाई के लिए आपके कार्यालय पर है, यदि कोई बेहद आवश्यक कार्य ना हो। जन सुनवाई करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए और उसे गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी कर्त्तव्यनिष्ठा है। हमें चाहिए कि हम अपने पद की गरिमा का पूर्ण ईमानदारी के साथ पालन करते हुए समाज में ईमानदारी और कर्त्तव्यनिष्ठता की ज्योति प्रज्जवलित करें। बताते चले कि पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह आईपीएस सुबह 10=00 बजे से अपराह्न जब तक एक भी व्यक्ति जनसुनवाई हेतु उनके कार्यालय पर उपस्थित रहता है वह तब तक जनसुनवाई करते रहते हैं। आज अपराह्न 03=00 बजे तक उनके कार्यालय पर जनसुनवाई के लिए लोग जमा रहे। पुलिस अधीक्षक ने आखिरी व्यक्ति की समस्या को सुनने व निस्तारण हेतु भेजने तक जनसुनवाई की। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप भी उनके कार्यालय पर उपस्थित रहे

## दो ट्रकों में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप



संवाददाता

हरदोई ।मंगलवार को दो ट्रकों में भीषण आग लग गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया। आनन फानन ने जेसीबी से अगल बगल खड़े और ट्रकों को हटाया गया है। बताया गया कि वर्कशाप में काम चल रहा था इस दौरान वेल्डिंग किए जाने के दौरान एक ट्रक में शार्ट सर्किट से आग लग गई, जिसके बाद दूसरे ट्रक ने भी आग पकड़ ली ।मौके पर पहुंची अग्निशमन की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार देहात कोतवाली क्षेत्र के शाहजहांपुर रोड पर ककवाही के पास एक वर्कशाप है। जहां ट्रक को ठीक किया जा रहा था। इस दौरान एक मिस्त्री विल्डिंग कर रहा था। इसी दौरान शार्ट सर्किट से एक ट्रक में आग लग गई। जब तक आग को बुझाया जाता, धीरे धीरे आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की ऊंची ऊंची लपटों ने पास में खड़े दूसरे ट्रक को भी अपनी चपेट में ले लिया।जिसके बाद धू धू कर दोनो ट्रक जलने लगे। जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। आनन फानन में जेसीबी से आसपास खड़े अन्य वाहनों को हटाया गया है। साथ ही अग्निशमन विभाग को पूरे मामले की जानकारी दी गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया ।वहीं इस दौरान तमाशबीनों की भारी भीड़ जुटी हुई है।

गैरेज मलिक कमलेश शर्मा ने बताया की डीजल का पाइप फटने व शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी थी। दोनों ट्रक रिपेयर होने के लिए चार दिन पहले आए थे। ट्रक संजीव गुप्ता निवासी मोहल्ला आलू थोक और दूसरा ट्रक अवनीश पांडे निवासी मोहल्ला अशरफ टोला थे। आग की चपेट में आए दोनों ट्रक में लगभग 20 से 25 लख रुपए का नुकसान हुआ है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई आयुष समिति की बैठक

संवाददाता

हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि नये अस्पतालों के लिए भूमि के चिन्हीकरण का अवशेष कार्य पूरा किया जाये। सभी शेष अस्पतालों में मानक अनुरूप विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये। सभी आयुष केंद्रों पर आशा के आबद्धीकरण का कार्य जल्द पूरा किया जाये। सभी केंद्रों पर कैमरा व बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बिरौली व सदरपुर के आयुर्वेद चिकित्सक की बैठक में अनुपस्थिति पर उन्होंने एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मनरेगा साइड़ों पर साइनबोर्ड के नाम पर 6 लाख से अधिक डकारे सप्लायर ने

उरई(जालौन)। कदौरा ब्लॉक में एक और फर्जीवड़े का मामला सामने आया है। जिसमे मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतो में जो काम कराये गए है उनके सांकेतिक सी आई बोर्ड के भुगतान के 6 लाख रुपया एक स्वयं सहायता समूह का संचालक हीं डकार गया इस बात की जानकारी बीडीओ कदौरा ने दी है।

कदौरा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजनाओं से जो भी कच्चे कार्य, संपर्क मार्ग, जल रोधक बंधा बंधी आदि के निर्माण कार्य कराये गए है उन साइड़ो पर संकेत प्रदर्शन हेतु कदौरा ब्लाक की जोराखेरा, इमिलिया, अमीसा, हांसा, अकोड़ी, उदनपुर सहित दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में देवी बाबा स्वयं सहायता समूह के द्वारा 3000 रुपया और 5000 रुपया की (क़ीमत) दर वाले साइन बोर्ड भी अनिवार्य रूप से लगाए जाने थे और उसका भुगतान भी मनरेगा योजना से हीं होता है। चूंकि देवी बाबा स्वयं सहायता समूह जो की एक भाजपा नेता संचालन करते है। जिनका नाम रानू गुप्ता उर्फ राघवेंद्र गुप्ता निवासी उरई है। जिनके द्वारा कदौरा ब्लॉक की दर्जनों ग्राम पंचायतो में साइन बोर्ड की सप्लाई किया जाना दर्शाया गया है। लेकिन ज़ब इन साइन बोर्डो की सप्लाई के बारे में बीडीओ कदौरा अरुण सिंह से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि साइन बोर्ड की सप्लाई का मामला ज़ब हमारे संज्ञान में आया तो हमने कई ग्राम पंचायतो में जांच कराई और प्रधानों व सचिवों से जानकारी ली जिसमे पता चला कि किसी भी साइड पर न तो बोर्ड स्थापित किये गए और न हीं साइड पर पहुंचाए गए है। इस सम्बन्ध में बीडीओ ने बताया कि साइन बोर्ड के नाम पर 6 लाख रूपये से अधिक का भुगतान किया गया है जिसमें पूर्व बीडीओ और एन आर पी बाबू की भूमिका संदिग्ध है जिसकी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद जल्द रिकवरी की जाएगी।

**बिना रिसीविंग सत्यापित की गई बिलों की फीडिंग**

देबी बाबा स्वयं सहायता समूह के द्वारा जो भी सी आई बोर्डो की सप्लाई दर्शाकर 6 लाख रूपये से अधिक का भुगतान कराया गया उन बिलो पर किसी भी प्रधान, रोजगार सेवक या सचिव ने संबंधित बिल बाउचर में किसी तरह की प्राप्ति हस्ताक्षर नहीं किये है। जो एक फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा करता है।

**क्या सत्ताधारी नेता से हो पायेगी रिकवरी**

वैसे तो भाजपा एक ईमानदार कार्यकर्ताओं की पार्टी जानी जाती है। लेकिन अब देखना है कि क्या जिले के अधिकारी इस भ्रष्टाचार में लिप्त लोगो से रिकवरी कर पाते है या फिर सत्ता के आगे नतमस्तक तो नहीं होजाएगे।

# छात्रा काजल अहिरवार बनी एक दिन की प्रतीकात्मक जिलाधिकारी



उरई(जालौन)। प्रदेश सरकार के विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन व संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जनपद में विभिन्न प्रकार की मिशन शक्ति जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है।

मिशन भक्ति के अन्तर्गत आज छात्रा काजल अहिरवार ने प्रतीकात्मक रुप से एक दिन के लिये जिलाधिकारी के रुप में जिले की कमान संभ्भाली। जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठने के पश्चात छात्रा काजल अहिरवार ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी के पद एवं दायित्वों के निर्वहन की सीख ली। अफसर बनी छात्रा ने फरियादियों की शिकायतों को सुना एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। प्रतीकात्मक रुप से एक दिन की जिलाधिकारी काजल अहिरवार ने कहा कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करके आईएएस बनना चाहती है। प्रतीकात्मक जिलाधिकारी काजल अहिरवार ने अपने मनोविचार साझा करते हुये कहा कि, ष्जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। इस दौरान छात्रा काजल अहिरवार ने संदेश के माध्यम से बताया कि मैं भी बड़े होकर जिलाधिकारी बनना चाहती हूं। मैं अपनी बहनों से अपेक्षा करती हूं कि वह भी पढ़ लिखकर अच्छे पदों पर आसीन होकर समाज, देश व महिलाओं और बच्चों की सेवा करें, जिससे हमारा देश आत्मनिर्भर बन सकें। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत सांकेतिक तौर पर एक दिन की जिलाधिकारी के रूप में बालिका को जिम्मेदारी सौंपने का सिर्फ यही उद्देश्य है कि बालिकाओं, महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी हो, वे अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए पूरी मजबूती के साथ आगे आएं ताकि शासन की मंशा के अनुरूप सशक्तिकरण की प्रक्रिया को गति दी जा सके। प्रदेश और देश के विकास में उनकी बराबर की भागीदारी हो, इसके लिए सशक्तिकरण के दृष्टिकोण से शासन द्वारा मिशन शक्ति के विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का अधिशासी अधिकारी ने उठाया बीड़ा



उरई(जालौन)। नगर को अब अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे और नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल ने स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का बीड़ा उठाया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे के निर्देशन में पूरे जनपद को स्वच्छ जनपद बनाए जाने की मंशा के तहत अब जालौन नगर को भी बेहतर बनाने की मुहिम शुरू की जा रही है। अब यहां की सफाई व्यवस्था के तहत दिन में ही नहीं बल्कि रात्रि के समय भी सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर इसे बेहतर से बेहतर बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। दिवाली के मौके पर शहर दूधिया रोशनी से जगमंगाएंगा साथ ही विभिन्न चौराहों पर पहले से ही तिरंगी लाइटों को विशेष तौर पर लगाया जा चुका है।

नगर के नगर पालिका प्रबंध कार्य योजनाओं पर जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने बताया कि उन्होंने अब नगर को साफ और स्वच्छ बनाने की दिशा में कार्य योजना तैयार की है जिसके तहत अब नगर की सफाई व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए दिन के अलावा शाम 6 बजे से सफाई अभियान की शुरुआत की जा रही है ताकि शहर के लोग सुबह जागे तो उन्हें साफसुथरा और चमचमाता शहर नजर आए। उन्होंने बताया कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए उन्होंने सात वाहनों की व्यवस्था बनाई है जो कि घर-घर जाकर सूखा और गीला कचरा अलग-अलग ढंग से इकट्ठा करेंगे और बाद में उसे कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डिस्पोजल के लिए भेजा जाएगा। अधिशासी अधिकारी श्री दोहरे ने यह भी जानकारी दी कि जालौन नगर के चौराहों के सुंदरीकरण के लिए भी उन्होंने विशेष कार्य योजना तैयार की है जिसके तहत देव नगर चौराहे पर फव्वारे और लाइटों का प्रबंध किया गया है। सड़क पर जो डिवाइडर बने हैं उनकी भी नियमित रूप से सफाई कराई जाएगी ताकि किसी भी स्थिति में सड़क पर गंदगी ना आ सके उन्होंने यह भी बताया कि औरैया रोड पर जालौन चुंगी से लेकर उरई रोड पर भिटारा के पहले तक तिरंगे के कलर की विशेष लाइट लगवाई गई है। दीपावली के मौके शहर को जगमगाने से एक अलग ही लुक दिखाई देगा। अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार ने यह भी बताया कि नगर को साफ स्वच्छ बनाने की इस मुहिम में नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल का विशेष योगदान है। उन्होंने नगर वासियों से अपील की है कि नगर पालिका द्वारा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने की इस मुहिम में अपना योगदान दें नगर को स्वच्छ रखने में नगर के प्रत्येक नगरवासियों की बराबर की जिम्मेदारी है। स्वच्छ नगर होगा तो प्रत्येक नगरवासी को स्वच्छ पर्यावरण प्राप्त होगा। आज यह हम सबका नैतिक और सामाजिक दायित्व भी है कि हम अपने चारों ओर के पर्यावरण को साफ सुथरा बनाए जाने के लिए तत्पर रहे और अपना योगदान दें।

# नशाखोरी में हुई युवक की हत्या, आरोपित गिरफ्तार



कालपी(जालौन)। जोल्हूपुर-कदौरा रोड में लमसर गांव के समीप रक्त रंजित लावारिश अवस्था मे 25 वर्षीय युवक का शव मिलने के मामले में कोतवाली पुलिस ने 4 घंटे के अंदर पर्दाफाश करके आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। विदित हो कि 14 अक्टूबर की सुबह कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लमसर के समीप नाले के किनारे 25 वर्षीय युवक का कंबल में लिपटा शव बरामद किया गया था, उक्त मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक व फॉरेंसिक टीम जुट गई। कोतवाल ने सूक्ष्मता से जांच की तो मामला नशेबाजी का प्रकाश में आया। मृतक की पहचान कृष्णा मिश्रा पुत्र गोपाल मिश्रा निवासी मुम्बई के रूप में हुई। मृतक कृष्णा मिश्रा की कुछ दिनों पहले आरोपी कल्लन सिंह उर्फ प्रशांत सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी ग्राम गर्रेही थाना कदौरा से हो गई थी। पिछले 2-3 महीने से कृष्णा मिश्रा खाना पकाने का काम कुल्लन सिंह के घर में रहकर करता था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 13/14 अक्टूबर की रात में नशेबाजी के चलते दोनों के बीच मे विवाद हो गया। कुल्लन सिंह ने कृष्णा मिश्रा को पकड़कर गर्दन को दीवाल से टकरा दिया, इस हमलें में कृष्णा ने दम तोड़ दिया। मृतक कृष्णा की लाश को छिपाने के लिए कम्बल लपेटकर कुल्लन सिंह मोटर साइकिल से शव लेकर लमसर के पास घटोई बाबा मंदिर शव को फेंककर रफूचक्कर हो गया। पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम लाश वाले स्थान तथा कल्लन सिंह के घर मे मिले खून के धब्बो की जांच की। कोतवाल नागेंद्र पाठक ने कुल्लन सिंह को गिरफ्तार करके सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया।

# नमसा योजना की प्रगति में 15 दिवस के अंदर सुधार लाएं:राजेश पांडेय



उरई(जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग की महत्वपूर्ण नमसा योजना की समीक्षा कर प्रगति संतोषजनक न होने पर समस्त भूमि संरक्षण अधिकारियों का स्पष्टीकरण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि नमसा योजना से किसानों को मिलने वाली आय सुनिश्चित करने और टिकाऊ खेती के राष्ट्रीय मिशन के तहत राज्य सरकार की ओर से नेशनल मिशन फॉर सस्टेनिवल एग्रीकल्चर योजना (नमसा ) की शुरुआत की गई है। नेशन मिशन सस्टेनेबल एग्रीकल्चर नमसा योजना के तहत इकाई राष्ट्रीय जलागम जालौन प्रथम क्लस्टर रुदावली, इकाई राष्ट्रीय जलागम जालौन द्वितीय क्लस्टर करमुखा व पिपरीगहरवार, इकाई डीपीएपी क्लस्टर का चयन किया गया। जिससे जनपद के किसान जल्द ही इस योजना से लाभान्वित होकर पशुपालन सहित खेती के क्षेत्र में सतत विकास की ओर अग्रसर होंगे। उक्त योजना की प्रगति संतोष जनक न होने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्धारित कार्यमदों के सापेक्ष अभियान चलाकर लक्ष्य को पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उप कृषि निदेशक व कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि नमसा योजना की प्रगति प्रतिदिन अनुश्रवण कर 15 दिवस के अंदर प्रगति में सुधार लाएं। रुचि न लेने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा सहायक गतिविधियों में वर्मी कंपोस्ट इकाई निर्माण करवाया जाएगा।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सुशील कुमार उत्तम, समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी ईडीएम पुष्पेन्द्र सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बड़े ही शान से निकली चादरे गौसे आजम



कोंच(जालौन)। महान बुजुर्ग हजरत अब्दुल कादिर जिलानी जिन्हें आदर पूर्वक बड़े पीर और गौशा पाक के नाम से भी जाना जाता है। उनकी याद में दिन मंगलवार को मुहल्ला आराजी लेन स्थित मस्जिद कुरैशयान से अंजुमन रजा ए गौसे आजम की जानिब से चादरे गौसे आजम नमाज के बाद जुलूस के सदर कारी असलम रजा की देखरेख में निकाली गई यह चादर कुरैशयान मस्जिद से चलकर आजाद नगर पॉवर हाउस चन्दकुआं चौराहा सागर तालाब होते हुए मानिक चौक स्टेट बैंक खेड़ा चौराहा से कुरैशयान मस्जिद पर जाकर समाप्त हो गयी इस दौरान कमेटी सदर कारी मुहम्मद असलम रजा नायब सदर हाफिज साबिर बरकाती बरिष्ठ पत्रकार काजी सिराजुद्दीन हाफिज शहनबाज रजा हाफिज रिजवान रजा हाफिज तालिब हाफिज काजिम हाफिज सलमान हाफिज इमरान हाफिज असनाद हाफिज मारूफहाजी रहम इलाही कुरैशी सभाषद प्रतिनिधि रिजवान कुरैशी छोटे लाला नन्नू कुरैशी हाफिज वाहिद अली हाफिज मौलाना नाजिम अली हजरत सुल्तान खान कादरी हाफिज सद्दाम हुसैन सलीम कुरैशी मुन्ना मंत्री मकबूल खान चंदू अंसारी वाहिद अंसारी रिजवान अंसारी आदि मौजूद रहे।

# वाचस्पति मिश्रा अध्यक्ष चुने गये संकीर्तन सेवा समिति के



जालौन। संकीर्तन सेवा समिति की बैठक नाना महाराज के मंदिर में आयोजित की गयी जिसमें नवीन कार्यकारिणी का सर्व सहमति से गठन किया। नवीन कार्यकारिणी का अध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा को चुना गया। नाना महाराज मंदिर में आयोजित संकीर्तन सेवा समिति की आयोजित बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।सर्व समिति से किये गये गठन में अध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा, उपाध्यक्ष ओंकार निरंजन महेंद्र सिंह सेंगर, महामंत्री कैलाशचंद्र पाटकर, कोषाध्यक्ष महेंद्र सोनी, कार्यक्रम संयोजक इंद्रजीत सिंह, सहसंयोजक शशिकांत वर्मा एवं मंत्री संतोष सोनी को बनाया गया है।नवगठित कार्यकारिणी से अपेक्षा की गयी है कि आगामी कार्यक्रम को गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष और भव्य तरीके से संपन्न कराये। बैठक सोहनलाल गुप्ता, रामकृपाल, अनिल मित्तल, सुरेश हुंका, राहुल यादव, पंजाब सिंह गुर्जर नंदकुमार राठौर मोहन शिवहरे सुशील बाजपेई महेंद्र पाटकर मृदुल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# आदर्श नगर पंचायत का दर्जा मिला एट को

उरई(जालौन)। जनपद की नगर पंचायत एट क़ो पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत में शामिल किया गया है। अब इस नगर पंचायत क़ो नगर विकास विभाग से अवस्थापना के लिए सरकार से अतिरिक्त बजट मिल सकेगा।एट ग्राम पंचायत पिछले नगर निकाय के चुनाव में गांव पंचायत से हटाकर नगर पंचायत के दर्जे में शामिल की गई थी। जिसे सदर विधायक गौरीशंकार वर्मा के अथक प्रयासों के चलते इसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत के दर्जे में शामिल किया गया है। इस नगर पंचायत के निवासियों के लिए विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद निरंजन ने बताया कि निश्चित ही इससे नगर के विकास को बल मिलेगा लेकिन यह तभी संभव होगा जब नगर पंचायत में ईमानदार एवं कमेरे अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

# कक्षा आठ की छात्रा सृष्टि बनी एक दिन की खंड शिक्षाधिकारी

कालपी(जालौन)। छात्राओं में प्रशासनिक एवं नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा अनूठी पहल शुरू की है। मंगलवार को कक्षा 8 छात्रा सृष्टि को एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया तथा छात्रा ने कार्यालय में बैठकर शासकीय एवं विभागीय कार्यों का दायित्व निर्वाह किया। शासन के द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालपी की कक्षा 8 छात्रा सृष्टि राठौर पुत्री सोनू राठौर को खंड शिक्षा अधिकारी ब्लाक महेवा बनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत, कार्यालय के स्टाफ तथा शिक्षकों की मौजूदगी में छात्रा सृष्टि राठौर ने कार्यों को संवादित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि छात्राओं की प्रतिभा को निखारने तथा नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत उक्त कदम को उठाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में उत्साहवर्धक परिणाम मिलेंगे जो नारी समाज के हित में अनुकूल रहेंगे।

# संपादकीय

## दागदार खेवनहार

राजनीति में धनाढ्य लोगों, बाहुबलियों तथा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों का सक्रिय होना, अब भारतीय जनतांत्रिक व्यवस्था का चरित्र बन चुका है। कहीं ज्यादा तो कहीं कम, उनकी उपस्थिति हर राज्य व केंद्र की राजनीति में नजर आती है। हाल ही में संपन्न हरियाणा विधानसभा के चुनावों के बाद आई एक रिपोर्ट ने इस मुद्दे को फिर विमर्श में ला दिया है। इस रिपोर्ट के अनुसार राज्य में चुने गए 96 फीसदी विधायक करोड़पति हैं। वैसे यह कहना कठिन है कि जनप्रतिनिधि नामांकन भरते समय कितनी ईमानदारी से अपनी सफेद कमाई को दर्शाते हैं। जबकि अश्वेत कमाई का तो कोई जिक्र ही नहीं होता। आर्थिक आंकड़ों से खेलने वाली एक पूरी बिरादरी स्याह को श्वेत बनाने के खेल में पारंगत होती है। फिर करोड़पति की कोई सीमा नहीं कि उसकी संपत्ति कितने करोड़ों में है। रिपोर्ट में दूसरी चौंकाने वाली बात यह है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीतने वाले माननीयों में 13 फीसदी का आपराधिक अतीत रहा है। इनमें से कई पर गंभीर अपराधों के लिये मुकदमें चल रहे हैं। यह मतदाताओं के लिये भी आत्ममंथन का समय है कि प्रत्याशी की हकीकत को जानते हुए भी उसे जिताने लायक वोट कैसे मिल जाते हैं। यूं तो जुबानी तौर पर हर बड़ा राजनीतिक दल लोकतंत्र में राजनीतिक शुचिता की वकालत करता नजर आता है, बड़ी-बातें दोहराता है। लेकिन हकीकत में स्थिति वही 'ढाक के तीन पात।' चुनाव आते ही ऐसी नकारात्मकता प्रत्याशी की जीत की गारंटी बन जाती है। जनता भी अब सुन-सुनकर थक चुकी है। उसे भी लगने लगा कि शायद यही विसंगति हमारी नियति बन गई है। वैसे राजनेताओं के साथ ही मतदाता भी इस राजनीतिक विद्रूपता के लिये कम जिम्मेदार नहीं है, जो छोटे-छोटे प्रलोभनों के लिये मतदान करते वक्त अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं करता। दरअसल, आजादी के सात दशक बाद भी मतदाता को इतना विवेकशील बनाने की पहल राजनेताओं ने नहीं की कि वह अपने विवेक से राष्ट्रीय हितों को देखते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।बहरहाल, करोड़पतियों के जनप्रतिनिधि संस्थाओं में वर्चस्व का एक निष्कर्ष साफ है कि आम आदमी के लिये चुनाव लड़ना अब दूर की कौड़ी बन गई है। यह कथन अब किताबों तक सीमित रह गया है कि जनतंत्र जनता द्वारा , जनता का और जनता के लिये होता है। कहा जाता है कि आजादी के बाद पहली बार हुए विधानसभा चुनाव में राजस्थान का एक विधायक ऐसा भी था, जिसके पास जयपुर जाकर शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिये टिकट के पैसे तक नहीं थे। तब लोगों ने उनकी मदद की। बहरहाल, हमें स्वीकार करना होगा कि भले ही राजनीति में अब धनबल व बाहुबल अपरिहार्य हो, लेकिन इस स्थिति के लिये जनमानस भी कम जिम्मेदार नहीं है। हम सोचें कि क्षेत्रवाद,संप्रदायवाद, जातिवाद और छोटे-छोटे प्रलोभनों के लिये हम ऐसे प्रत्याशियों को जनप्रतिनिधि संस्थाओं में क्यों भेज देते हैं, जो वहां जाने लायक ही नहीं होते। हमें यह भी सोचना होगा कि मुफ्त की रेवड़ियों के अलावा चंद रुपयों व सुरा के लिये सुर बदलने वाले लोग कौन हैं? कहीं न कहीं यह हमारे सामाजिक मूल्यों के पराभव का प्रमाण भी है। जब कहते हैं कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का हिस्सा होने का गौरव रखते हैं, तो यही बड़प्पन हमारे लोकतांत्रिक व्यवहार में दिखायी देना चाहिए। हमें अपने बेशकीमती वोट के दायित्व का बोध भी होना चाहिए।

## सेब जैसी गुणकारी हैं इसकी रेसिपीज

अगर आप स्वस्थ रहना और डॉक्टर को दूर रखना चाहते हैं तो रोज एक सेब जरूर खाएं। सेब को लेकर यह कहावत आपने जरूर सुनी होगी, और यह सच भी है। दरअसल, सेब पोषक तत्वों से भरपूर होता है और यह पाचन से लेकर स्किन तक, दिल से लेकर शूगर तक के लिए काफी फायदेमंद होता है। फाइबर का अच्छा स्त्रोत सेब डाइजेशन को दुरुस्त रखने के साथ ही हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में बहुत मददगार है। यह हार्ट की बीमारी के जोखिम को कम कर सकता है। सर्द मौसम और स्वादिष्ट सेब का सीजन कमोबेश साथ ही आता है। कई शोध बताते हैं कि सेब में विटामिन ए, विटामिन सी, प्रोटीन, फाइबर और अन्य एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इससे शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है। जो सेब इतना गुणकारी है, इससे बनी रेसिपीज के खाने के तो बहुत फायदे होंगे ही। जानिये, सेब की स्मूदी, हेल्दी ब्रेकफास्ट ऑप्शन और नई रेसिपीज के बारे में

एप्पल स्मूदी

क्या चाहिए = एक सेब, 2 टेबलस्पून ओट्स, 1/4 टीस्पून दालचीनी पाउडर, 3/4 टेबलस्पून शहद, 4-6 ङ्क बादाम, 1 कप दूध।

कैसे बनाएं = एप्पल स्मूदी सुबह के नाश्ते में लेने से आप दिनभर एक्टिव और एनर्जेटिक महसूस करेंगे। इसे बनाने के लिए सेब को काट लें और ओट्स के साथ मिक्सर जार में डालें। इसमें दालचीनी पाउडर, शहद, बादाम और थोड़ा दूध डालें। पिसने तक मिक्सी चलाएं। अब बाकी बचा दूध डालकर चला लें। स्मूदी तैयार है जिसमें सेब के अलावा डेट्स, मिंट और सीड्स जैसे हेल्दी इंग्रीडिएंट्स भी शामिल कर सकते हैं।

एप्पल केक

क्या चहिए = 1 कप मैदा, 1 एपल, 1/2 कप मक्खन, 1/2 कप चीनी, 2 चम्मच काजू, 2 चम्मच अखरोट, 1 छोटी चम्मच बेकिंग पाउडर, 1/4 छोटी चम्मच बेकिंग सोडा, 1/2 कप दूध।

कैसे बनाएं = एप्पल केक बनाने के लिए सबसे पहले एप्पल की सॉस बनानी होगी। उसके लिए एप्पल को धोकर साफ कर लें। अब एप्पल को छीलकर कद्दूकस कर लें। पैन में कद्दूकस किया एप्पल और चीनी डालकर गैस पर रख दें। इस मिश्रण को धीमी आंच पर पकाएं। कुछ देर बाद चीनी पिघल जाएगी, मिश्रण को चलाएं व गैस बंद कर दें। ठंडा होने पर एप्पल सॉस बनकर तैयार है। इसके बाद एक बर्तन में मैदा, बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा डालकर मिक्स कर लें। अब छलनी की मदद से इसे छान लें। एक बर्तन लें, उसमें पिघला हुआ मक्खन डालें। साथ ही एप्पल सॉस डालें और अच्छे से मिलाएं। इसी मिश्रण में दूध और मैदा वाला मिश्रण डालें। अच्छे से घोलकर इस मिश्रण को दोबारा फेंट लें। केक बनाने का मिश्रण तैयार है। अब माइक्रोवेव का बर्तन लें, उसमे बटर पेपर लगा दें। इसमें बना हुआ सारा मिश्रण डाल दें। इसको 4-5 मिनट के लिए माइक्रोवेव में रख दें। कुछ देर बाद उसे बर्तन से प्लेट में निकालें। ऊपर से काजू , अखरोट के कटे हुए टुकड़ों से गार्निश करें। लाजवाब एप्पल केक तैयार है।

एप्पल जैम

क्या चाहिए = 4-5 सेब छिले और कटे हुए, एक गिलास पानी, एक टेबलस्पून नींबू का रस, 4 कप बूरा, 2 टीस्पून हरी इलायची पाउडर।

कैसे बनाएं = सबसे पहले एक पैन में पानी डालकर मीडियम आंच पर 10 मिनट उबालें। इसके बाद सेब के टुकड़े और नींबू रस डालें। एक प्लेट से पैन को ढक दें और धीमी आंच पर 10-15 मिनट सेब के नर्म होने तक पकाएं। जब सेब नर्म हो जाए तो एक बड़े चम्मच से सेब को अच्छी तरह मैश करके उसमें चीनी मिलाकर चलाएं। सेब के मिश्रण को लगातार चलाते रहें, ताकि वह पैन में चिपक कर जले नहीं। इसे मध्यम आंच पर 8-10 मिनट जैम की तरह होने तक पकाएं। अब जैम में इलायची पाउडर मिलाकर एक चम्मच जैम प्लेट में डालकर देखें। उससे पानी अलग बह रहा हो तो जैम को और पकाएं।

# ई वी एम संदिग्धता : या इलाही ये माजरा क्या है ?



हरियाणा विधानसभा चुनाव के अप्रत्याशित परिणामों ने पूरे देश के न केवल सभी प्रमुख एजेंसीज़ द्वारा किये गए एक्ज़िट पोल्स को बुरी तरह झुठला दिया बल्कि बड़े बड़े राजनैतिक विश्लेषकों को भी हैरानी में डाल दिया। मज़े की बात तो यह कि केवल कांग्रेस पार्टी ही हरियाणा में सत्ता में वापसी की उमीदों को लेकर गदगद नहीं थी बल्कि स्वयं भाजपा भी यह एहसास था कि किसान आंदोलन,अग्निवीर योजना व पहलवानों जैसे ज्वलंत मुद्दे उठने के बाद राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में इनके अलावा भाजपा को दस वर्ष की सत्ता विरोधी लहर का भी सामना करना पड़ सकता है। इसी संभावना के तहत भाजपा ने लगभग 35 प्रतिशत वर्तमान विधायकों के टिकट काट दिए थे। टिकट कटने वालों में कई मंत्री भी शामिल थे। इस क़वायद के बावजूद 12 में से 9 मंत्री चुनाव में पराजित हो गये। हद तो यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा की सीटों को भी बदल दिया गया था। इन सबके बावजूद नायब सैनी और अनिल विज जैसे नेताओं को भी मामूली मतों से ही जीत हासिल हुई। राज्य में 10 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां बीजेपी की जीत का अंतर 5 हज़ार से भी कम है।

आठ अक्टूबर को जब सुबह मतगणना शुरू हुई उस समय एग्ज़िट पोल द्वारा घोषित पूर्वानुमानों के अनुरूप ही कांग्रेस की भारी जीत के रुझान सामने आने लगे। बताया गया कि बैलट पेपर की गिनती में कांग्रेस तेज़ी से आगे जा रही थी परन्तु जैसे ही ई वी एम के मतों की गिनती शुरू हुई आंकड़ों ने उसी तेज़ी से करवट लेना शुरू कर दिया। उसी समय पूरे देश के सोशल मीडिया पर यह संदेह ज़ाहिर किया जाने लगा कि क्या भाजपा द्वारा फिर खेला कर दिया गया ? और शाम होते होते भाजपा राज्य की कुल 90 विधानसभा सीटों में से 48 पर जीत दर्ज करने व ज़रूरी बहुमत हासिल करने की ओर बढ़ चली। जबकि एक्ज़िट पोल के अनुसार 50 से 65 सीटें जीतने की उम्मीद रखने वाली कांग्रेस को मात्र 37 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। इन चुनाव परिणामों ने निश्चित रूप से सभी को हैरान इसलिये भी कर दिया क्योंकि राज्य से भाजपा की हरियाणा में सत्ता से बिदाई की रिपोर्ट्स केवल मीडिया आधारित नहीं थी बल्कि स्वयं अनेक सरकारी एजेंसीज़ ने भी यही फ़ीड बैक दिया था। इसीलिये भाजपा के पक्ष में आये इन अप्रत्याशित परिणामों को लेकर संदेह पैदा होना स्वभाविक भी था। और इसतरह निशाने पर एक बार फिर ई वी एम आ गयी। कांग्रेस ने सीधा आरोप लगाया कि हरियाणा चुनाव में कई जगह ई वी एम को हैक किया गया है। यह सवाल भी उठा कि अनेक ई वी एम इंडिकेटर में बैटरी की मात्रा 90 व 95 त्न तक दिखा रही थी जबकि मतदान के अंतिम समय में प्राय: ई वी एम की बैटरी चार्जिंग की मात्रा 60 से 70त्न के बीच या इससे भी कम ही हुआ करती है। कांग्रेस का आरोप है कि जहां जहां ई वी एम में बैटरी कम थी उनमें प्राय: कांग्रेस को बढ़त मिली है। इस आरोप का सीधा अर्थ है कि ई वी एम को बदल दिया गया। कांग्रेस द्वारा 20 सीटों पर इसतरह की गड़बड़ी होने की शिकायत दर्ज की गई है।

सवाल यह है कि जब राहुल गांधी ने 17 मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के समय मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि राजा की आत्मा ईवीएम में है , उस समय केवल राहुल गांधी ही नहीं बल्कि एम के स्टालिन व फ़ारूक़ अब्दुल्ला जैसे अनेक बड़े नेताओं ने भी ईवीएम का मुद्दा उठाया था। और उस समय सभी का ई वी एम को लेकर एक ही स्वर था कि यदि उनकी सरकार आएगी तो वे ईवीएम को हटा देंगे। सवाल यह है कि आज जबकि हरियाणा के साथ साथ जम्मू कश्मीर विधान सभा के भी चुनाव परिणाम आये हैं। और जम्मू कश्मीर में फ़ारूक़ अब्दुल्ला की नेशनल कॉफ़्रेंस व कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला जबकि हरियाणा में भाजपा को जीत मिली। ऐसे में यदि कांग्रेस के नेता हरियाणा में ई वी एम की कार्यप्रणाली में त्रुटियां निकाल रहे हैं तो फिर जम्मू कश्मीर विधानसभा परिणामों से सहमत क्यों ? पिछले लोकसभा चुनावों में इण्डिया गठबंधन ने बेहतर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश व हरियाणा में भी अच्छा प्रदर्शन रहा। उस समय भी किसी ने ई वी एम पर इतना दोष नहीं मढ़ा। कर्नाटक में जीते तो भी ई वी एम ठीक थी ? और इन सबसे बड़ी बात यह कि जब विपक्षी दलों के नेता ई वी एम को ही ग़लत बताते हैं फिर आख़िर अब तक पूरे विपक्ष ने मिलकर ई वी एम के विरुद्ध संयुक्त रूप से कोई बड़ा आंदोलन क्यों नहीं किया ? यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के कई वरिष्ठ वकीलों व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा चलाये जा रहे ई वी एम विरोधी आंदोलन का भी किसी राजनैतिक दल ने खुलकर साथ नहीं दिया ? यदि वास्तव में ई वी एम निष्पक्ष चुनाव प्रभावित करने की क्षमता रखती है तो निश्चित रूप से यह लोकतंत्र के लिये घातक है। सभी राजनैतिक दलों को राष्ट्रीय स्तर पर इसका विरोध करना चाहिये। यहाँ तक कि यदि सत्ता पक्ष के भी कई वरिष्ठ नेता,तकनीकी एक्सपर्ट और पूरा विपक्ष ई वी एम से चुनाव नहीं चाहता तो इसके द्वारा होने वाले चुनावों का बहिष्कार तक किया जाना चाहिये। क्योंकि सच तो यह है कि ई वी एम पर शुरुआती संदेह की ऊँगली तो भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी व सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा ही उठाई गयी थी। वैसे भी इसकी संदिग्धता को लेकर इसलिये भी सवाल उठते रहते हैं कि आख़िर दुनिया के अनेक आधुनिक देशों ने इसका प्रचलन अपने देशों में क्यों बंद कर दिया ? और आधुनिक होने के बावजूद ऐसे देशों में आज भी चुनाव बैलट पेपर द्वारा ही क्यों कराये जाते हैं ? ई वी एम की संदिग्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट,पारदर्शी व सर्वस्वीकार्य होनी चाहिये। बेईमानी पर आधारित लोकतंत्र वास्तविक लोकतंत्र का परिचायक नहीं हो सकता।

# बेमिसाल शख्सियत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम




भारत के कलाम साहब! जिनकी शख्सियत कमाल की थी। उनका सरल स्वभाव, सादा जीवन और ऊंचे सपने देखने की ललक उन्हें वैश्विक परिदृश्य में एक अलग पहचान देती है। उनका बच्चों के बीच खुलकर विचार-विमर्श करना, उन्हें सपने देखने के लिए प्रेरित करना, उनकी जिज्ञासा को बढ़ने देना ताकि वो कुछ नया सीख पाए। उनके सपनों को पंख देना ताकि वो अपनी उड़ान से भारत को नई बुलंदियों पर ले जाए, उनकी खुली आंखों का सपना था। कलाम साहब की ऐसी असंख्य खूबियां उन्हें बच्चों के पसंदीदा शिक्षक और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बनाती है।

भारत की बेमिसाल शख्सियत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का सपना भारत को आर्थिक रूप से समृद्ध और शक्तिशाली देश बनाने का था। जिसे उन्होंने अपने अंतिम समय तक पूरा करने का प्रयास किया। वो भारत के कलाम थे और पूरा भारत उनमें बसता था। सशक्त भारत का खूवाब बदलते भारत की तस्वीर में साफ तौर पे देखा जा सकता है। हम तरक्की के नये पायदानों को पार करते आज ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। हालाँकि बहुत से अपवाद अभी भी हैं और होंगे ही वो स्वाभाविक हैं लेकिन उन अपवादों से इतर कलाम साहब का भारत विश्व के मानचित्र पर अपनी धाक बनाये हुए है। अब्दुल कलाम जी का जन्म तमिलनाडु में रामेश्वरम के तमिल मुस्लिम परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को हुआ था। डॉ.कलाम का सफर रामेश्वरम से शुरू हुआ और भारत के राष्ट्रपति के पद तक पहुचें लेकिन उनकी पहली पसंद एक टीचर बने रहना ही रही। उन्होंने अपने जीवन को एक बेहतरीन लर्नर के रूप में ढाला। दुनिया के इस बेमिसाल टीचर ने अपने जिंदगी का आखिरी लम्हा 27 जुलाई सन् 2015 को अपने देश की युवा पीढ़ी के सामने ही मुकम्मल किया। उनके जीवन के वो आखिरी पल जब दुनिया को अलविदा कहने का वक़्त आया, देश की यादगार धरोहर की तरह कैमरे में कैद हो गए। डा. कलाम साहब का सपना था भारत को 2020 तक आत्मनिर्भर भारत के रूप में वैश्विक पहचान बनते हुए देखें भारत की आने वाली नई पीढ़ी को थमा कर चले गए कलाम साहब। कलाम साहब के रहते देश ने एक के बाद एक कई तारीखी इबारतें लिखीं। सन् 1980 में जब रोहिणी उपग्रह भारत का पहला स्वदेश-निर्मित प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 बना, डा. कलाम साहब बेहद खुश थे। यह देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम था। भारत अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष क्लब का सदस्य बन गया। डॉ. कलाम भारत को टेक्नोलॉजी की दुनिया में आत्मनिर्भर बनाने की इबारत लिखने की तैयारियों में जुट गए। डा. कलाम ने स्वदेशी गाइडेड मिसाइल को डिजाइन किया। भारतीय तकनीक से पृथ्वी और अग्नि जैसी मिसाइलों को बनाया। भारत की सरजमीं से बेइन्तेहां मोहब्बत करने वाले भारत के इस होनहार बेटे ने भारत की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए कई सफल प्रयोग किए।

दुनिया जानती है कि डा. कलाम ने शादी नहीं की, उनकी कोई औलाद नहीं थी। लेकिन उनका बच्चों से बेशुमार प्रेम था। एक बार उनसे किसी विदेशी पत्रकार ने ऐसा ही सवाल पूछा, कि आपकी कोई संतान नहीं है, फिर भी आप बच्चों से इतना प्यार करते हैं क्यों? कलाम साहब मुस्कुराए और बडी शालीनता से बोले, मेरे तीन बच्चे हैं पृथ्वी, अग्नि और ब्रहमोस। यकीनन् राष्ट्रप्रेम और भारत को दुनिया के मानचित्र में विकसित देशों की श्रेणी में लाने का उनका प्रयास ही उनका वास्तविक प्रेम था। जिसके परिणाम स्वरूप भारत के करोड़ों बच्चों की आज भी कलाम साहब पहली पसंद हैं। लगभग पांच वर्षो के अथक परिश्रम के फलस्वरूप जब 'अग्नि' मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ।

# सनातन संस्कृति के भाव को जगाने हेतु संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन ही क्यों हुई

भारतीय परंपरा में, आश्विन शुक्ल दशमी को, अक्षय स्फूर्ति, शक्तिपूजा एवं विजय प्राप्ति का दिवस माना जाता है। किसी भी शुभ, सात्विक एवं राष्ट्र गौरवकारी कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह मुहूर्त सर्वोत्तम माना गया है। विजयादशमी का यह उत्सव आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्तियों की विजय का प्रतीक है। विजयादशमी के दिन ही सतयुग में भगवती मां दुर्गा के रूप में दैवी शक्ति ने महिषासुर का मर्दन किया था। त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने वनवासियों का सहयोग लेकर, उन्हें संगठित कर तथा सेतु-निर्माण कर, दुष्ट रावण की आसुरी शक्तियों का विनाश किया था। तथा, इसी प्रकार द्वापरयुग में श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में दैवी शक्तियों ने आसुरी शक्तियों का विध्वंस किया था। कलयुग में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हिंदुत्व का स्वाभिमान लेकर हिंदू पद-पादशाही की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा सीमोल्लंघन की परंपरा का प्रारंभ भी इसी पावन दिवस पर किया गया था। और, रामलीला तथा दुर्गापूजा इन दोनों उत्सवों को, इस विजयशाली दिवस की पावन स्मृति को, लोकमानस में बनाए रखने की दृष्टि से ही, मनाया जाता है।विजयादशमी के पावन दिवस पर शस्त्र-पूजन की परंपरा भी है। 12 वर्ष के वनवास तथा 1 वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात् पांडवों ने अपने शस्त्रों का पूजन इसी दिन किया था तथा उन्हें पुन: धारण किया था।

विजयादशमी के दिन ही, परमपूज्य आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने नागपुर के मोहिते के बाड़े में संवत् 1983 तदनुसार 27 सितंबर 1925 ईसवी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी, अर्थात् राष्ट्र जीवन में शक्ति का निर्माण करने के लिए संकल्पित संघ का कार्य भी इसी दिन के शुभ मुहूर्त से प्रारंभ हुआ था। वर्ष 2014 में विजयादशमी दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, अर्थात्, संघ का यह सौवां विजयादशमी उत्सव है। मुगलकाल एवं ब्रिटिश शासनकाल के अंतर्गत हिन्दू लोक जीवन विखंडित हो गया था। हिन्दू धर्म के मूल रहस्यों से अनभिज्ञ आक्रांताओं ने न केवल वैयक्तिक अधिकारों का हनन किया अपितु हिन्दू धर्म के मूल ग्रंथों को भी नष्ट कर दिया। 1000 वर्षो तक सनातन संस्कृति विधर्मियों के प्रहार को झेलती हुई लगभग मृतप्राय बना दी गई थी। साथ ही, जिस खंडकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी वह मुस्लिम तुष्टिकरण का काल था। वर्ष 1920 में देश में खिलाफत आंदोलन शुरू हुआ। मुसलमानों का नेतृत्व मुल्ला-मौलवियों के हाथों में था। इस खंडकाल में मुसलमानों ने देश में अनेक दंगे किए। केरल में मोपला मुसलमानों ने विद्रोह किया।

उसमें हजारों हिंदू मारे गए। मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण के कारण हिंदुओं में अत्यंत असुरक्षिता की भावना फैली थी। हिंदू संगठित हुए बिना मुस्लिम आक्राताओं के सामने टिक नहीं सकेंगे, यह विचार अनेक लोगों ने प्रस्तुत किया और इस प्रकार हिंदू हितों के रक्षार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि 'संघ शक्ति कलौ युगे अर्थात् कलयुग में संगठन ही सर्वोपरि है। इस वाक्य के अनुरूप ही संघ में संगठन को विशेष महत्व प्रदान किया जाता है। अब आवश्यकता है कि मूल्य परक हिन्दू जीवन पद्धति जिससे न केवल मानव अपितु प्रकृति एवं जीव-जन्तु जगत का भी उत्थान सम्भव है, उसे पुन: प्रतिष्ठित किया जाए। इस प्रकार, संघ के प्रयासों से भारत में विस्मृत राष्ट्रभाव का पुनर्जागरण प्रारम्भ हुआ है।

# कांग्रेस से तुम हो तुम से कांग्रेस नहीं



कांग्रेस ने नहीं समझा, दूर नहीं किया तो आगे भी उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस के मठाधीशों की यह कहानी लंबी है। लेकिन इसका तोड़ बहुत छोटा है। हाईकमान की सख्ती। क्षत्रपों को हमेशा बताते रहना कि कांग्रेस से तुम हो। तुम से कांग्रेस नहीं। कितने उदाहरण हैं। मध्यप्रदेश में तो कमलनाथ पागल ही हो गए थे। खुद को भावी मुख्यमंत्री लिखवाने लगे थे। बुरी तरह हरवाया मध्य प्रदेश। फिर बेटे को लेकर बीजेपी में जा रहे थे। लेकिन कांग्रेस अभी भी उन पर कोई एक्शन लेने की हिम्मत नहीं कर रही। हरियाणा में क्या हुआ?

हरियाणा में क्या हुआ? कोई नहीं समझ पा रहा। कांग्रेस ईवीएम को दोष दे रही है। हो सकता है। ईवीएम हमेशा शक के दायरे में रही। और कांग्रेस ही नहीं खुद भाजपा ने इस पर कई बार ऊंगलियां उठाई। भाजपा नेता जीवीएल नरसिम्हा राव ने % डेमोक्रेसी एट रिस्क! कैन वी ट्रस्ट अवर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन? % पूरी किताब लिख दी थी। भाजपा नेता लालकृष्ण आडवानी ने इसकी भूमिका लिखी थी। किताब में ईवीएम को पूरी तरह बेईमानी का जरिया बताया गया था। आडवानी और दूसरे भाजपा नेताओं ने पूरे देश में घूम घूम कर ईवीएम का विरोध किया था। यह 2009 के लोकसभा चुनाव के भाजपा की हार के बाद की बात है। कांग्रेस ने 2018 में इसके खिलाफ अपने राष्ट्रीय अधिवेशन ( प्लेनरी ) में प्रस्ताव पारित किया। अभी लोकसभा चुनाव के पहले भी सवाल उठाए। मगर इसे एक सबसे बड़ा मुद्दा बनाने का ज्यादा प्रयास कभी नहीं किया। मुद्दा उठाया। छोड़ दिया। अब हरियाणा की अविश्वसनीय हार के बाद फिर सवाल उठाया है।

सही है। उठाना चाहिए। लेकिन कुछ सवाल खुद से भी करना चाहिए। एक, हरियाणा एक ऐसा राज्य था जहां कांग्रेसी बहुत दबंग थे। दस साल के भाजपा शासन में भी उनके कोई काम रुकते नहीं थे। कोई गिरफ्तार नहीं हुआ। किसी के यहां ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई के बड़े छापे कभी नहीं पड़े। जैसे उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ता परेशान रहे वैसे हरियाणा में नहीं हुए। तो ऐसे राज्य में अफसर ईवीएम मशीनों से छेड़छाड़ की कितनी हिम्मत कर सकते हैं? और उस स्थिति में जहां खुद बीजेपी को जीत का यकीन नहीं हो। कांग्रेस जोश में बीजेपी पस्त फिर अफसरों की हिम्मत कैसे पड़ी?

यह हम पहले भी लिख चुके हैं कि करने वाला तो आदमी होता है। और अगर उसे डर हो कि यह सब चीज नोटिस की जा रही है और कल गड़बड़ करने वाले को छोड़ा नहीं जाएगा तो वह गलत काम करने से डरेगा। हरियाणा में यह कैसे हुआ इसे कांग्रेस को अपनी भी एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर समझाना पड़ेगा। चुनाव आयोग में तो जाएं। मगर खुद भी वन्स एंड फारएवर इस मुद्दे को हल करना होगा।

जब 2018 में दिल्ली के कांग्रेस अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया गया था। ईवीएम के खिलाफ तब राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। हमने तब भी लिखा। 2019 कांग्रेस के लोकसभा हारने के बाद भी लिखा कि एक उच्चस्तरीय कमेटी जिसमें तकनीकी विशेषज्ञ हों, चुनाव आयोग के पूर्व आयुक्त हों, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज हों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हों इन सबको लेकर बनाना चाहिए। कांग्रेस की अभी इतनी खराब स्थिति नहीं आई है कि उसे लोग नहीं मिलें। ऐसी कमेटी पूरी स्टडी करके रिपोर्ट लेकर आती है तो उसका असर होगा। सुप्रीम कोर्ट जाने का भी एक मजबूत आधार होगा। अभी भी बना सकती है। हरियाणा एक बड़ा आधार है। इससे माहौल भी बनेगा और एक बड़ा इश्यू सैटल होने में मदद भी मिलेगी।

लेकिन सिर्फ इस एक मुद्दे पर अड़े रहने से कांग्रेस का कुछ फायदा होने वाला नहीं है। यह वही मसल होगी कि ज् दिल तो बढ़ता है तबीयत तो बहल जाती है! बीमारी का इलाज नहीं होगा। जब तक बीजेपी सरकार में है ईवीएम हटाने का कोई सवाल ही नहीं। वह हटाने ही नहीं देगी। इसके लिए कांग्रेस को विपक्ष को सरकार में आना होगा। इसी ईवीएम के असर को रोककर कम करके। अधिकारियों पर दबाव बनाकर कि खबरदार कोई गड़बड़ी करने की कोशिश की तो! लेकिन अब बस यही है कि कांग्रेस करती नहीं है। हरियाणा जहां उसके नेता, कार्यकर्ता इतने दबंग थे वहां नहीं कर पाए तो दूसरे राज्यों जैसे मान लो गुजरात ही है जहां कांग्रेसी सबसे ज्यादा कमजोर है वहां क्या कर पाएगी। राहुल ने हरियाणा में भी कहा और हार के बाद बुधवार को अपनी पहली प्रतिक्रिया में भी कहा मेरे बब्बर शेर! तो यह शेर जब हरियाणा में धांधली नहीं रोक पाए तो दूसरी जगह जहां इनका शेरपन कम होगा वहां कैसे रोकेंगे?

राहुल को कांग्रेस को पाइंट पर आना चाहिए। राहुल ने हरियाणा में कुमारी सैलजा और भूपेन्द्र हुड्डा के स्टेज पर हाथ मिलवाते हुए कहा कि मेरे शेर कभी कभी लड़ जाते हैं। फिर इन्हें एक करवाना मेरा काम होता है। सुनने में यह डायलग अच्छा है। मगर बेमतलब। राहुल ने यह कोई पहली बार हाथ मिलवाए। राजस्थान जो ठीक इसी वजह से कांग्रेस हारी वहां भी ऐसे ही गहलोत और सचिन पायलट के हाथ मिलवाए थे। मध्य प्रदेश में भी कमलनाथ और ज्यतिरादित्य सिधिंया के। छत्तीसगढ़ में आखिरी समय में टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाया। उत्तराखंड में चुनाव से पहले हरीश रावत ने कैसे कैसे नाटक किए। जल समुद्र मगरमच्छ! पता नहीं कौन कौन से बिम्ब बनाकर खुद को पीड़ित बताया। पूरी जिन्दगी वे ऐसी ही राजनीति करते रहे।

# यूपी 112 की टीम ने जन जागरुकता अभियान चलाया



लोकजन संदेश ब्यूरो
इटावा

जसवंतनगर। जन जागरुकता अभियान के तहत लखनऊ से आई यूपी 112 की टीम ने बस स्टैंड चौराहे के पास नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूक किया। महिला पुरुष कलाकारों ने यूपी 112 पुलिस की उपयोगिता के बारे में आमजन को जागरूक किया। इस दौरान अजिन्दर कुमार, राजकुमार, सीमा आदि कलाकारों ने कई तरह की नाट्य प्रस्तुतियां दीं।यूपी पुलिस की 112 डायल द्वारा दी जा रही सेवाओं के संबंध में सूचना व जन संपर्क लखनऊ से आई नाट्य कलाकारों की टीम व पीआरबी पुलिस विवेक कुमार, मोनू कुशवाह की टीम ने जसवंतनगर के सब से व्यस्त बस स्टैंड चौराहे के पास नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सेवाओं व उपयोगिता के संबंध में जागरूक किया। लोगों को संकट के समय में 112 पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने आग लगने, एंबुलेंस की आवश्यकता होने, प्राकृतिक आपदा, महिलाओं के साथ छेड़छाड़, लड़ाई झगड़े सहित अन्य आवश्यकताओं पर यूपी 112 की मदद लेने का संदेश दिया। इस दौरान कम्पनी कमांडर उदयवीर सिंह, विवेक पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# पूरी शानो-शौकत व अदब के साथ इटावा शहर में निकाला गया जुलूस-ए-ग़ौसिया

लोकजन संदेश ब्यूरो
इटावा। ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर वालियों के सरदार पीरान-ए-पीर दस्तगीर हज़रत सैय्यदना शैख़ मुहीउद्दीन अब्दुल कादिर जीलानी गौसे आज़म बगदाद शरीफ (बड़े पीर साहब) की याद में आपसे मोहब्बत करने वालों ने मंगलवार को अदबो-एहतराम और पूरी शानो-शौकत के साथ शहर में जुलूस-ए-गौसिया निकाला गया।जुलूस का जगह-जगह लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।उलमाए-इकराम की नात ख्वानी,हज़रत गौसे आज़म की शान में कलाम,दुरूद शरीफ का नज़राना पेश करते हुए और नारे लगाते हुए लोग जुलूस में आगे बढ़ते चले जा रहे थे।सुबह अपने समय पर मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरआन आज़ाद नगर नई बस्ती से हाफिज़ ग़ुलाम मुहीउद्दीन ने कुरआन पाक की तिलावत की उसके बाद जमाअत-ए-रज़ाये मुस्तफा के सदर मौलाना उबेदुर्रहमान खां कादरी ने जुलूस को हरी झंडी देकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया।जुलूस के आयोजक कारी सरफराज आलम निज़ामी व अन्जुमन गुलामान-ए-हुसैन के सदर हाजी रहीस अहमद चिश्ती,जनरल सेक्रेट्री वाई के शफी चिश्ती आदि ने उलमाए-इकराम आदि का साफा पहनाकर व बैज लगाकर स्वागत किया।जुलूस का सबसे पहले नई बस्ती में वारसी ट्रैवल्स पर हाजी फईमुद्दीन मंसूरी गुड्डू वारसी व गौस मोबाइल सेंटर पर जुलूस में चल रहे उलमाए-इकराम का साफा पहनाकर स्वागत किया।उसके बाद जुलूस अपने पुराने रास्तों से गुज़रा दरी मोहल्ला, बजरिया, कटरा शहाब खां,उर्दू मोहल्ला, नोरंगबाद, पाचराहा व शाहगंज। में अज़हर अहमद आदि ने जुलूसे गौसिया में चल रहे उलमाए इकराम आदि का साफा पहनाकर,फूलों की माला पहनाकर व इत्र की खुशबू लगाकर गर्मजोशी से किया स्वागत।छोटे-छोटे बच्चे सरो पर साफे बांधे नारे लगाते हुए जुलूस में आगे बढ़े चले जा रहे थे जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे।जुलूस शहर के कदीमी रास्तों से होता हुआ समय पर मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजवीदुल कुरआन आज़ाद नगर पर पूरा हुआ।सलातो सलाम के बाद हज़रत गौसे आज़म



रज़ी.की नज़र पेश की गई उसके बाद मुल्क में अमनो-अमान,खुशहाली व तरक्की के वास्ते दुआयें की गई।जुलूस के शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर ज़िला प्रशासन,पुलिस प्रशासन के अलावा सभी लोगों का जुलूस के आयोजक कारी सरफराज आलम निज़ामी व वाई के शफी चिश्ती ने शुक्रिया अदा किया। जुलूस में मौलाना ज़ाहिद रज़ा, कारी शाहवाज़ अनवर, हाफिज़ मुहम्मद अहमद अकबरी, मौलाना जहाँगीर अशरफ, मौलाना तफवीज़ अहमद,कारी परवेज़ आलम,हाफिज़ कैफ़, हसीन अहमद अत्तारी,नाज़िम रज़ा, फ़ैज़ रज़ा कादरी,सरवर हुसैन,अरहम हुसैन,हाफिज़ अनवर, हाफिज़ गुलाम मुहीउद्दीन, हाफिज़ हारून आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे.

# भोले भंडारी की बारात में झूमें श्रद्धालु भरत मिलाप देख भावुक हुए नगरवासी





ब्यूरो चीफ चेतन जैन
जसवंतनगर /इटावा

जसवंतनगर में भोले भंडारी भगवान शिव की बारात बड़े ही धूम -धाम के साथ निकाली गयी दर्जनों झाकियों से सुसज्जित बारात नदी के पुल से प्रारम्भ होकर नगर भृमण की.इस दौरान हजारों की तादाद में भक्त सड़को पर पहिले से बाँट लगाए बैठे थे, जैसे ही दूल्हा बने भगवान शिव शंकर का डोला निकला शिवभक्तो ने जयकारे लगाते हुए पूर्ण मनोयोग के साथ भगवान शिव की आरती कर अपने आप को धन्य किया,शंकर बारात समिति ने इस बार एक से बढ़कर एक आकर्षक झाकिया लगायी थी बारात में समिति अध्यक्ष वेद व्रत गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता खाद वाले, महामंत्री भोले झा व समिति के सदस्यों की उपस्थित व ऊर्जावान व्यवस्था से बारात सफलतम रही!दूसरे परिदृश्य में लंका पर विजय प्राप्त कर असुरों का संहार करने के बाद भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता का अयोध्या आगमन हुआ।तालाब मंदिर पर सम्पन्न हुए कार्यक्रम में भरत शत्रुघ्न को देख दौड़ कर राम लक्ष्मण मिलते है। आपस मे चारो भाई के मिलन देख दर्शकों की आँखों से आंसू छलक उठते है।चारो भाई के मिलन की खुशी में परम्परागत रंग बिरंगी आतिशबाजी चलाई गई जिसे देखने हजारों की संख्या में भगवान राम भक्त दूर दराज के ग्राम से आकर पूरी रात सड़को पर चहकदमी रही.इस लीला के उपरांत राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न एवं माता सीता एक भव्य विमान पर सवार होकर नगर भ्रमण को निकलते है द्वार -द्वार आये भगवान को नगरवासी पुष्प वर्षा कर आरती करते व सियापत राम चंद्र की जय घोष करते हैं!

# टेशू एवं झेंझी के विवाह के साथ ही शुरू होंगे शादियों के मुहूर्त



लोकजन संदेश ब्यूरो
इटावा

जसवंतनगर शरद पूर्णिमा की रात को जमा किए गए धन से टेशू की बारात निकाली जाती है उधर लड़कियां भी जमा किए गए धन से झेझी की विवाह की तैयारी करती हैं किसी सार्वजनिक स्थान पर धूमधाम से राजा टेशू और झेंझी का ब्याह कर दिया जाता है उसके बाद उनका विसर्जन कर दिया जाता है। क्षेत्र के गाँव कोकावली निवासी और रामलीला मेला में टेसू के पुतले बेचने वाले गीतम सिंह ने बताया कि टेसू की कीमत 100 से 200 रुपए तक हैं। अधिकतर लोग बच्चों के लिए इन्हें खिलौने के रूप में खरीदते हैं हालांकि कुछ घरों में अब भी पारंपरिक रूप से टेशू और झेंझी का पूजन किया जाता है। बताया जाता है कि टेसू और झेंझी वह दो शख्सियत हैं जिनकी शादी के लिए बच्चे घर-घर जाकर अनाज और रुपए एकत्रित करते हैं और युवा इस इस परम्परा को पूरी शिद्दत के साथ खेलते हैं। लड़के और लड़कियों की टोली टेसू और झेंझी को लेकर घर-घर जाकर रुपए एकत्रित करते हैं और पूर्णिमा के दिन टेसू और झेंझी की शादी कराकर उन्हें विसर्जन कर देते हैं। यह महाभारत कालीन परंपरा हमारे यहां शहर में भी जीवित है हालांकि अंतर बस इतना आया कि अब वह कॉलोनी और सोसाइटी की जगह यह मोहल्ले और बस्ती में बची हुई है। यह एक खेल है जिसके माध्यम से शादी की रीति रिवाज की शिक्षा दी जाती है। जानकार बताते हैं कि महाभारत काल में कुंती के विवाह से पहले दो पुत्र हुए। इनमें से कुंती ने अपना एक पुत्र जंगल में छोड़ दिया जिसका नाम बब्बरवाहन था। यह बड़ा होकर उपद्रव मचाने लगा। जिसका श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से सिर काट दिया, लेकिन अमृत पीने के कारण वह नहीं मरा। जब श्री कृष्ण को पता चला कि विवाह बाद इसे मर जा सकता है तो उन्होंने छल से इसका विवाह कराया, इसके बाद उसका संहार किया तब से यह खेल शुरू हुआ।

# हरदोई में अराजक तत्वों ने तोड़ी देवी मां की प्रतिमा, क्षेत्र में तनाव



संवाददाता

हरदोई । जिले के प्राचीन पंथवारी देवी मंदिर में लगी मां दुर्गा की मूर्ति को तोड़े जाने की खबर से इलाके में तनाव है. पुलिस ने तहरीर के आधार पर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है, वहीं सीओ ने लोगों से पूछताछ की और कहा कि ऐसा करने वाले अराजकतत्वों का पता लगाया जा रहा है, पुलिस की कई टीमें जुटी है।हरदोई जिले के टड़ियावां थाना अंतर्गत अहिरोरी में प्राचीन पंथवारी देवी मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापित थी। सोमवार की रात अराजकतत्वों ने मां दुर्गा की मूर्ति तोड़ दी. मंगलवार की सुबह वहां पूजा करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने देखा कि मां दुर्गा की मूर्ति कई टुकड़ों में इधर-उधर पड़ी हुई है।

इसका पता होते ही वहां तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई. टूटी मूर्ति देख कर लोगों में आक्रोश पनप आया. प्रभारी निरीक्षक टड़ियावां अशोक कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे गए सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह ने भी अहिरोरी पहुंच कर पूरे मामले की गहराई से छानबीन की और मंदिर की देखभाल करने वालों के अलावा आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की।सीओ ने मंदिर के पास बैठे रहने वालों के बारे में भी जानकारी की. अहिरोरी निवासी पिंटू गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है. मंदिर में मूर्ति तोड़े जाने को लेकर अहिरोरी सहित आसपास के गांवों में तनाव की स्थिति है, जिसके चलते पुलिस एवं प्रशासन बेहद अलर्ट है।

# खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या में हजारों की संख्या में पहुंचे श्याम भक्त



संवाददाता

मल्लावां, हरदोई।कलयुग अवतारी श्री खाटू श्याम बाबा की भक्ति इन दिनों दुनिया के कोनो कोनो में बढ़ रही हैं, क्योंकि यहां की मान्यता यह है कि जो व्यक्ति हर जगह से हार चुका हो निराश हो चुका हो वह इनके दर पर पहुंचने के बाद उसे हार का सामना करना नहीं पड़ता है इसी वजह से इनको हारे का सहारा भी कहा गया है। मेरा सर्वेश्वर मेरा श्याम सेवा ट्रस्ट के अंतर्गत बीते शनिवार विजयदशमी के दिन बाबा खाटू श्याम के भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया, उसके अगले दिन एकादशी पर्व पर शाम को मंदिर प्रांगण में भव्य भजन संध्या के कार्यक्रम का आयोजन हुआ।जिसमें आमंत्रित भजन गायक अनंत भट्ट कानपुर ने हम तो खड़े तेरे द्वार, सुन ले करुण पुकार के भजन पर भक्तों ने खूब आनंद लिया। वहीं दूसरे नंबर पर आमंत्रित भजन गायिका शिवांगी पाठक लखनऊ ने किशोरी जी कुछ ऐसा काम हो जाए, जिससे हर जुबां पे तेरा नाम हो जाए के भजन पर भक्त खूब झूमे। तीसरी हाजिरी देव गुप्ता माधवगंज ने यह चमक ये दमक सब कुछ सरकार तुम ही से है वाला भजन दरबार में प्रस्तुत किया। वही चौथी हाजिरी सुरजीत अलबेला कानपुर ने दीनानाथ मेरी बात जाने कौन थारे से, दूसरा भजन कजरारे तेरे मोटे-मोटे नैन हाय नजर ना लग जाए, तीसरा भजन दरबार सांवरिया एसो सजो प्यारो, दयालु आपकोपर भक्त झूमते नजर आए। भजन संध्या में मुख्य आकर्षण श्याम बाबा का दिव्य श्रृंगार, व बाबा श्याम जी का 56 भोग, वहां मौजूद श्याम भक्तों पर इत्र की वर्षा के साथ श्याम रसोई भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने श्याम रसोई से भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य रूप से ट्रस्ट के ट्रस्टी जगदीश प्रसाद, बुद्धिमती,सपा नेता बृजेश कुमार वर्मा उर्फ टिल्लू भैया ,रजनीकांत वर्मा सदरपुर, अभय शंकर शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता,समाजसेवी विशाल जायसवाल, विनय गुप्ता स्वर्णकार,रवि वर्मा जिला पंचायत सदस्य, विप्र प्रधान जिला पंचायत सदस्य, विकास वर्मा, सोनू त्रिपाठी, विमल गुप्ता बंटी, अनूप कुमार कप्तान, अनुराग मिश्रा मिनी, अरुण कुमार शुक्ला पटेल, संजय अवस्थी, सुबोध कुमार वर्मा, विदित वर्मा,राम चरन कोटेदार, दीपेंद्र सिंह दीपू,राजेश्वर प्रसाद ,अजय पाल, राजकुमार, जयपाल सिंह, सुमित पटेल, उपेंद्र सिंह व पप्पू सहित हजारों की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री ने जसवंतनगर विधानसभा में चलाया सदस्यता अभियान

चेतन जैन
जसवंतनगर /इटावा

जनपद प्रवास के द्वितीय दिन उत्तर प्रदेश विधानपरिषद सदस्य, भाजपा प्रदेश महामंत्री व कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र प्रभारी अनूप गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में जसवंतनगर विधानसभा में सदस्यता अभियान 2024 के निमित्त प्रवास कर गति देने का काम किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने विधानसभा के सैफ़ई ब्लॉक अंतर्गत सैफ़ई मण्डल के ग्राम छिमारा, जसवंतनगर द्वितीय मण्डल के ग्राम हरकुपुरा के रेलमण्डी क्षेत्र में डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर सदस्यता अभियान को गति देने का काम किया। अनूप गुप्ता ने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत हम समाज में भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए उन्हें भाजपा परिवार में जोड़ने का काम कर रहें है। वर्तमान में



चल रहे सदस्यता अभियान 2024 में भाजपा ने मात्र डेढ़ माह में 8 करोड़ 74 लाख का आंकड़ा पार कर लिया है जो भाजपा के कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम को दर्शाता है। भाजपा उत्तर प्रदेश संगठन द्वारा सदस्यता अभियान में 2 करोड़ 15 लाख से ज्यादा सदस्य बनाकर अग्रणी भूमिका निभाई है। परिणाम उत्साहित करने वाले हैं। सबसे अधिक आबादी वाला राज्य होने के कारण उत्तर प्रदेश की भूमिका भी बड़ी है। सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, राहुल राजपूत, रजत चौधरी, चक्रेश जैन, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी विवेक शाक्या %गुड्डू%, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्या, मण्डल अध्यक्ष अजय यादव %बिंदु%, प्रेम बाबू राजपूत, अजय यादव रेउजा, अमित मिश्रा, सुरेश गुप्ता सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# पोषाहार की गुणवत्ता का रखा जाये ध्यानः-डीएम



संवाददाता

हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पोषाहार का वितरण समय से कराया जाये। पोषाहार की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। समय समय पर टीएचआर प्लांट का निरीक्षण किया जाये। समय से आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संयन्त्रों की संख्या बढ़ाई जाये। उत्पादन में वृद्धि की जाये। पोषाहार वितरण में बैकलॉग को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला को निर्बाध बनाया जाये। टीएचआर संयन्त्र के बिल के सत्यापन में बिल्कुल देरी न की जाये। कोई भी बिल लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधिक शिविर में टोल फ्री नंबर की दी गई जानकारी



बांदा। मंगलवार को दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को निशुल्क विधिक सेवाएं और विधिक सेवाओं के लिए टोलफ्री नंबर 15100 के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील अतर्रा सभागार में किया गया। शिविर की अध्यक्षता अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह ने की। उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा जैसे विद्युत से, आंधी-तूफान, लू लगने, आकाशीय बिजली से, बाढ़ के कारण, भूकम्प के कारण, ओलावृष्टि व अन्य के कारण होने वाले नुकसान में पीड़ितों को केन्द्र, राज्य सरकारों द्वारा आर्थिक लाभ प्रदान किया जाता रहा हैं लेकिन किन्तु वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा अब नाव दुर्घटना में, सर्पदंश से, सीवर सफाई से तथा बोरवेल में फंस कर मरने वालों को भी दैवीय आपदा का लाभ दिया जायेगा। राज्य सरकार व राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि के तहत उक्त आपदा पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती हैं। नाव दुर्घटना में, सर्पदंश से, सीवर सफाई से तथा बोरवेल में फंस कर मरने वालों को भी दैवीय आपदा की श्रेणी में रखा गया हैं। मानव वन्य जीव द्वंद को भी सरकार द्वारा अब राज्य आपदा घोषित किया गया हैं। जिसमें वन्य जीव बाघ, शेर, तेंदुआ, भेड़िया, लकड़बग्घा, मगरमच्छ, हाथी, गैंडा व जंगली सुअर के आक्रमण से मरने वाले व्यक्ति को दैवीय आपदा के तहत लाभान्वित किया जायेगा। इस दौरान मरने वाले व्यक्ति के परिजनों को 4 से 5 लाख रुपये तक की मुआवजा धनराशि प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त सचिव महोदय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा द्वारा विधिक सहायता हेतु टॉल फ्री नं0-15100 के बारे में भी जानकारी प्रदान की। राखी सिंह, सिविल जज जूनियर डिवीजन अतर्रा ने कहा कि यदि आपके साथ कोई आपदा घटित होती है तो आप आपदा के बाद आर्थिक समस्या से परेशान हैं जिसके लिए आपदा प्रबन्धन विभाग की ओर से अलग-अलग आपदाओं में शिकायत के बाद शासन की ओर से धनराशि पीड़ित व्यक्ति के खाते में भेजी जाऐगी। इसके लिए आपदा घटित होने के 24 घण्टे के अन्दर पीड़ित व्यक्ति को राजस्व विभाग के साथ आपदा प्रबन्धन विभाग को जानकारी देनी होगी। आपदा प्रबन्धन विभाग की ओर से आपदा पीड़ितो के लिए कुल 20 प्रकार की आपदाओं में धनराशि प्रदान की जाती हैं, उनमें दैवीय आपदा जैसे आकाशीय बिजली, सर्पदंश, पानी में डूबने, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, अग्निकांड सहित करीब 20 प्रकार की आपदाएं शामिल हैं। इन आपदाओं के घटित होने के बाद गांव के ग्राम प्रधान के साथ सम्बन्धित तहसील के लेखपाल के पास आपदा की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। जिसके बाद वही रिपोर्ट तहसीलदार/लेखपाल सम्बन्धित विभाग को भेजेगा। रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त 24 घण्टे के अन्दर पीड़ित व्यक्ति के बैंक खाते में आपदा के अनुसार मुआवजा धनराशि भेजी जाऐगी। शिविर के अन्त में तहसीलदार, तहसील सचिवतहसील अतर्रा सतीश कुमार वर्मा ने आए हुए सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राशिद अहमद डीईओ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ पराविधिक स्वयं सेवक राकेश गर्ग, अवनीश सोनी, रीता देवी व अन्य श्रोतागण उपस्थित रहे।

## 68 वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन बहाया खिलाड़ियों ने पसीना

कोंच(जालौन)। मुहल्ला गांधी नगर स्थित शैक्षणिक संस्था एस आर पी इंटर कालेज में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दूसरे दिन अंडर 14 अंडर17 अंडर19 के एटलेटिको ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें बालक बालिका दोनो शामिल रहे इस दिन ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं की एक विस्तृत श्रंखला आयोजित हुई जिसमें 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 3000 हजार मीटर,5000 मीटर लम्बी कूद ऊंची कूद डिस्कस थ्रो भाला फेंक आदि खेल शामिल थे युवा एथलीटों ने विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी गति ताकत और चपलता का प्रदर्शन किया प्रतिभागियों में खेल के प्रति उनकी लग्न झलक रही तो 100 मीटर दौड़ में प्रतिभागियों ने बिजली की गति से दौड़ लगाई कड़ी प्रतियोगिता में दर्शकों को रोमांचित जर दिया 3000 मीटर की दौड़ गति और सहनशीलता दोनों की परीक्षा थी जिसमे प्रतिभागियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया लंबी कूद में खिलाड़ियों ने हवा में ऊंची छलांग लगाई एयर सही लैंडिंग के लिए प्रयास किये डिस्कस थ्रो व भाला फेक में तकनीक और सटीकता की कला का प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य आशीष पोरवाल एस आर पी कोंच,अजित सक्सेना डा. प्रवीण पांडेय प्रधानाचार्य डीएवी उरई खेल क्रीड़ा प्रभारी पुरुषोत्तम कुशवाहा,राजेश चंदेल धीरेंद्र निरंजन सिमिरिया राखी गुप्ता कमला नेहरू कोंच वन्दना क्रीड़ा प्रभारी कमला नेहरू डा. वन्दना नाथूराम बालिका कोंच गीता मिश्रा नाथूराम कोंच एस पी सिंह एसआरपी कोंच वही लेखा समिति में ओम प्रकाश प्रधानाचार्य अमरचंद्र कोंच अतुल कुमार एस आर पी कोंच रविन्द्र कुमार कमलेश निरंजन मैथिली निरंजन शेषधर अंडा सुमित त्रिपाठी राजेन्द्र गुप्ता अनिल निरंजन अखनिवा विजय सोनी अमरचंद्र कोंच इन्द्रराम सामी कोंच अनुपम शर्मा अवनीश लोहिया साकेत शांडिल्य शैलेन्द्र मोहन बसेडिया विवेक द्विवेदी विपिन निरंजन अखनिवा मौजूद रहे। वही निर्णायक मंडल में राजेश सिंह चन्देल महेन्द्र नाथ पटेल मिथलेश सिंह वेगवती श्रीकान्त वर्मा राहुल वर्मा अरविन्द राजपूत अजय राजपूत पुष्पेन्द्र धुरिया आशीष गुप्ता राहुल दुबे प्रदीप रायकवार वीरेन्द्र राजपूत सतीश विजय विक्रम साधना चौबे राजेन्द्र प्रसाद रूबी सैनी अनुरुद्ध कान्त रजत कुलश्रेष्ठ जगराम प्रजापति शशांक शेखर सिंह धीरेन्द्र निरंजन ज्ञानचन्द्र कैथवार आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी गई अहम जानकारियां

जसपुरा। ब्लाक जसपुरा क्षेत्र के (झंझरी पूरवा में)। थाना प्रभारी मोनी निषाद जसपुरा और उनकी पुलिस टीम ने मंगलवार को एकलव्य इंटर कॉलेज, झंझरी पूरवा में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाना था। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर विशेष पहल की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, पुलिस सहायता, और विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। थाना प्रभारी मोनी निषाद ने बताया कि साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए जागरूकता बेहद



जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को किसी भी ऑनलाइन धोखाधड़ी या परेशानी का सामना करने पर पुलिस की मदद लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही, उन्होंने 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), और 181 (महिला हेल्प डेस्क) जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इस कार्यक्रम में एकलभ्य इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जगरूप कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ आत्मरक्षा की महत्वपूर्णता पर जोर दिया। सीओ सदर अजय कुमार ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से हम आपको जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि आप हर प्रकार की मुश्किल परिस्थिति का सामना कर सकें। इस अवसर पर उप निरीक्षक दिलीप कुमार यादव, उप निरीक्षक सूरज पांडे, हेड कांस्टेबल लालचंद्र, महिला कांस्टेबल सुहारती, महिला कांस्टेबल अमलावती, विमलचंद और सुलेमान खान भी उपस्थित रहे। सभी पुलिसकर्मियों ने छात्राओं के सवालों के जवाब दिए और उन्हें आश्वस्त किया कि वे किसी भी समस्या के समाधान के लिए तत्पर हैं। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम ने सभी छात्राओं को यह भरोसा दिलाया कि मिशन शक्ति के तहत उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और किसी भी प्रकार की कठिनाई में पुलिस हमेशा उनके साथ खड़ी रहेगी।

## शान-ओ-शौकत से निकला जुलूस-ए-गौसिया



बांदा। हजरत सैय्यद अब्दुल कादिर जीलानी सरकार गौसे आजम की याद में मंगलवार को जुलूस-ए-गौसिया पूरी शान-ओ-शौकत से निकाला गया। जुलूस के दौरान हुई तकरीरों में गौस-ए-आजम की विलादत पर रोशनी डाली गई। शहर के छिपटहरी स्थित शेख सरवर साबह की मस्जिद से जुलूस रवाना हुआ।

मरकजी कमेटी खुद्दामे गौसो ख्वाजा के तत्वावधान में दोपहर बाद सरपरस्त हबीब बाबा व सदर मौलाना शफीक उद्दीन ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस-ए-गौसिया को रवाना किया। मौलाना शफीक ने कहा कि गौसे पाक अब्दुल कादिर जीलानी के बताए व दिखलाए रास्ते पर चलकर हम दुनिया व आखिरत संवार सकते हैं। गौसे आजम अल्लाह के महबूब बंदे व वलियों के सरदार हैं। लोगों को उनकी जिंदगी से सबक लेना चाहिए।

जुलूस छिपटहरी, मर्दन नाका, कुंजरहटी, डीएवी कालेज, पत्थर फोड़, गोल कोठी, सट्टन चौराहा, कसाई मोहल्ला, ईदगाह चौराहा, गूलर नाका, छावनी, सब्जी मंडी होता हुआ खानकाह दरगाह में संपन्न हुआ। लोगों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर मरकज़ी जुलूस का स्वागत किया। जुलूसे गौसिया में खाने काबा के तुगरे, गुम्बदे खजरा, गौस पाक के मजार का गुंबद, फिरोजी परचम सहित विभिन्न झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। साउंड पर मनकबत व नात पाक की धुनें बज रहीं थीं और जुलूस में शामिल लोग भी नात शरीफ पढ़ रहे थे। फातेहाख्वानी व सलातो सलाम हुआ। देश व दुनियां के अमन और शान्ति के लिए दुआ की और जुलूसे गौसिया सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मरकजी कमेटी सचिव मेराज हशमती, मीडिया प्रभारी सैय्यद इमरान अली, गौसुल इमरान रजा, अब्दुर्रहमान, फारूक अहमद, नसीब चिश्ती, मोहम्मद अनीस, मुबश्शर रजा, सैय्यद मेराज अली, गुल मोहम्मद गोलू, उवैश लाला, बाबू भाई, राशिद भाई, बरकत अली शहर की कमेटियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## गैर इरादतन हत्या में दो सगे भाइयों को 10 वर्ष का कारावास

बांदा-जमीनी विवाद के चलते दो भाइयों ने घातक हथियारों से एक युवक की गैर इरादतन हत्या करने के मामले में दोषी दोनो भाइयों को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम चंद्रपाल द्वितीय की अदालत ने 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनायी। साथ ही 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दोनो दोषी घटना के समय से ही मंडल कारागार में निरुद्ध हैं। फैसले के बाद दोनो का सजायावी वारंट बनाकर पुनः जेल भेज दिया गया। अपर शासकीय अधिवक्ता सुशील तिवारी ने बताया कि बबेरू थाना व कस्बा निवासी मनोरथ थोक औगासी रोड बबेरू के समर सिंह पुत्र दिगपाल सिंह नें 6 जून 2021 को थाना बबेरु में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आज समय करीब 2 बजे दिन में उसके बड़े भाई शत्रुधन सिंह पुत्र दिगपाल सिंह उम्र 40 वर्ष को मंतोष सिंह व किस्मत सिंह पुत्रगण श्यामपाल सिंह ने घातक हथियारों से शंभू गुप्ता के दुकान के सामने हमला करके बुरी तरीके से मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचायी। इलाज हेतु ले जाने पर जिला अस्पताल बांदा ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गयी। इस घटना को राहुल सिंह ने देखकर शोर मचाया तो मौके से घटना का अंजाम देकर दोनो भाग गए। उसके बड़े भाई का शव जिला अस्पताल में मर्चरी में पड़ा हुआ है। विवेचक ने मामले का आरोप पत्र अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनो के विरुद्ध 14 दिसंबर 2021 को आरोप बनाया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से सात गवाह पेश किए गए। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों व अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने मंतोष सिंह व किस्मत सिंह को दोषी करार देते हुए सजा सुनायी।

## रोडवेज बस स्टैंड में नुक्कड़ नाटक के जरिए किया जागरूक

बांदा। मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले के सभी थाना पुलिस की ओर से स्कूल, कालेजों और कस्बों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। थाना कोतवाली नगर मिशन शक्ति पुलिस टीम ने रोडवेज बस स्टैंड में नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक किया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.ह्व अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर मंगलवार



को जनपद में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूलों और कॉलेजों में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत महिला, बालिकाओं को महिला सुरक्षा व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर विभिन्न कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। अभियान के तहत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया, वहां छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा ऐप्स, हेल्पलाइन नंबरों और आत्मरक्षा के बारे में भी जानकारी दी। अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा बस स्टैण्ड पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम में लोगों को जागरुक किया गया। साथ ही सरस्वती विद्या मन्दिर में भी छात्राओं को जागरुक किया। सीओ सदर अजय कुमार सिंह द्वारा थाना जसपुरा क्षेत्र के एकलव्य इण्टर कॉलेज झंझरीपुरवा में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को सम्बोधित किया गया। इसी क्रम में थाना बबेरु मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम पतवन में, थाना कालिंजर मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय रामनगर में, थाना मटौन्ध मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय पटना में, थाना गिरवां मिशन शक्ति टीम द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरु इण्टर कॉलेज में, थाना कमासिन मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय ग्राम बन्थरी में, थाना बदौसा मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय तुर्रा में, थाना चिल्ला मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय ग्राम दोहतरा में, थाना फतेहगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम करमाडाडी में, थाना नरैनी मिशन शक्ति टीम द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय नसैनी में, थाना पैलानी मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा पैलानी में, जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं, महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई।

## सड़क हादसों में कमी लाने को करें जरूरी व्यवस्थाएं : डीएम

बांदा। डीएम नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक में डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी ले जाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध परिवर्तन की कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया, इसके तहत बताया गया कि गत माह में परिवर्तन की कार्रवाई करते हुए लगभग 68 लाख रुपए की धनराशि की वसूली की गई है। उन्होंने ब्लैक स्पॉट की समीक्षा करते हुए रोड सिगसाईनेज लगवाए जाने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को कराए जाने के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर निर्देशित किया।, उन्होंने रोड सेफ्टी क्लब विद्यालय में गठन कराकर सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरुक किए जाने के निर्देश दिए।बैठक में बताया गया की 176 विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया जा चुका है। ई-रिक्शा संचालकों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा पंजीकृत और अपंजीकृत ई रिक्शा संचालकों का वेरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। इसके पश्चात उन्हें रूट दिये जाने की कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रवर्तन कार्य में तेजी लाए जाने तथा बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने, तेज से वाहन चलाने वालों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाए जाने तथा सभी विद्यालयों के वाहनों की फिटनेस की जांच कराए जाने के संबंध में परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मेडिकल चौराहा के आगे चौराहे को विकसित किए जाने तथा नरैनी रोड का सर्वे करते हुए दुर्घटना वाले स्थान पर सड़क सुरक्षा के अंतर्गत कार्यों को कराए जाने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। विद्यालयों के वाहनों को संचालित करने वाले चालकों और परिचालकों का चरित्र वेरिफिकेशन कराया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में संचालित किए जाने वाले वाहनों की सूची उपलब्ध कराए जाने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय शिक्षक को निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने विद्यालयों के



अंदर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था कराए जाने और 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों द्वारा वाहन संचालित न किए जाने के लिए जागरूक कराए जाने के निर्देश दिए। ओवरलोड वाहनों के संचालन करने पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष, सुनील सिंह ने सीमा पर आवागमन के रास्ते पर नरैनी और गिरवां समेत अन्य स्थानों में सीसी कैमरे लगाए जाने का सुझाव दिया। बैठक में एएसपी शिवराज, संभागीय परिवहन अधिकारी और अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग और संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम द्वारा नशा तस्करों पर कारवाई

# बस अड्डा जींद के नजदीक 435 ग्राम चरस सहित जींद का एक नशा तस्कर काबू



(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)
जिला की सीआईए स्टाफ नरवाना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार के कुशल नेतृत्व में व डी एस पी नरवाना अमित कुमार के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कारवाई करते हुए नरवाना सीआईए इंचार्ज सुखदेव सिंह की टीम ने बस अड्डा जींद के नजदीक से एक नशा तस्कर को 435 ग्राम चरस सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। पकडे गए नशा तस्कर की पहचान अंकित कुमार पुत्र अनूप वासी जिन्दरान जिला रोहतक हाल विकास नगर, भिवानी रोड जींद के रूप में हुई है। सीआईए इंचार्ज सुखदेव सिंह ने बताया कि सीआईए नरवाना की एक टीम एएसआई रमेश कुमार के नेतृत्व में बराय गस्त पड़ताल अपराध गोहाना रोड जींद पर मौजूद थी कि सीआईए टीम को खुफिया सूचना मिली कि भिवानी रोड जींद का एक नशा तस्कर जो चरस की तस्करी का धन्धा करता है इस समय जींद बस अड्डा के नजदीक खड़ा है । सीआईए टीम ने खुफिया सूचना बारे तुरंत उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया और मुखबिर की बताई जगह पर रेड की तो एक व्यक्ति बस अड्डा के पास सर्विस रोड पर प्लास्टिक लिफाफा लिए खड़ा दिखाई दिया । सीआईए टीम ने तत्परता से कारवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया और राजपत्रित अधिकारी श्री राकेश डागर ईटीओ जींद की हाजिरी में आरोपी के पास लिये लिफाफा की तलाशी ली तो लिफाफा में कुल 435 ग्राम चरस बरामद हुई । जिस पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा नंबर 353 दिनांक 14/10/2024 धारा 20(बी)/61/85 एनडीपीएस एक्ट थाना सिविल लाइन जींद दर्ज करके आगामी कारवाई अमल में लाई जा रही है ।

# चुप नहीं रहना-हमसे कहना - जागरूकता कैंप में बच्चों को अधिकारों के लिए किया सजग, सुरक्षा, शिक्षा व कल्याण के मुद्दों पर की चर्चा

(लोकजन संदेश/सिरसा)
हरियाणा राज्यपाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल राठौड़ व श्याम शुक्ला की अध्यक्षता में स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पनिहारी व सतलुज पब्लिक स्कूल नेजाडेला में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान पुलिस, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय अधिनियम, जिला बाल संरक्षण इकाई, स्पेशल जूविनाइल यूनिट, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट व शिक्षा विभाग के सहयोग से इस कैंप का आयोजन किया गया।कैंप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनिल राठौर ने कहा कि हरियाणा सरकार बच्चों के अधिकारों के को लेकर बहुत सजग है जिसके लिए सरकार समय-समय पर सभी विभागों को हिदायतें देती रहती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि उनके साथ यदि किसी प्रकार का अत्याचार होता है तो उसकी सूचना हेल्पलाइन नंबर 112, 1098 या जिला स्तरीय बाल कल्याण समिति या जिला बाल संरक्षण कार्यालय में दी जा सकती है। इसके अलावा बच्चों से संबंधित किसी मुद्दे पर कार्रवाई करना चाहते हैं तो हरियाणा राज्य बाल आयोग में भी अपील की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को %चुप नहीं रहना-हमसे कहना' के नारे के साथ जेजे एक्ट व पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी।सदस्य श्याम शुक्ला ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों को आत्मरक्षा के गुण बताते हुए उन्हें स्कूल वैन सेफ्टी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों के साथ सुरक्षा, शिक्षा व कल्याण के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने



सभी बच्चों को शिक्षा सर्वोपरि रखने की अपील करते हुए, उन्हें सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया।कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा अनीता वर्मा ने सुरक्षा एवं देखभाल को श्रेणी में आने वाले बच्चों के विषय में, जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ गुरप्रीत कौर ने जेजे एक्ट व एनडीपीएस एक्ट, संरक्षण अधिकारी डॉ अंजना ने पोक्सो एक्ट, भावना शर्मा ने अपराध के क्षेत्र में शामिल बच्चों को मुख्यधारा में आने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पनिहारी स्कूल के बच्चों ने संस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। जागरूकता कार्यक्रम में एएसआई रमेश, महिला थाना से पूजा, प्रदीप, यशपाल व स्कूल के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# डीएम ने प्रारम्भ की ग्राम्य विकास विभाग में ई फाइलिंग व्यवस्था



संवाददाता
हरदोई विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी ने ग्राम्य विकास विभाग में ई फाइलिंग का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ई फाइलिंग से फाइलों के निस्तारण में तेजी आएगी एवं लाल फीताशाही पर लगाम लगेगी तथा बैक डेटिंग नहीं हो सकेगी और कार्य में किसी प्रकार के अनावश्यक विलम्ब के लिए जिम्मेदार पर जवाबदेही तय करने में सहूलियत होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि जल्द ही पंचायती राज विभाग में भी ई फाइलिंग व्यवस्था शुरू की जाये। पहली ई फ़ाइल जिला अर्थ एवं संख्या विभाग की चलायी गयी। इस फ़ाइल का अग्रसारण मुख्य विकास अधिकारी को किया गया। मुख्य विकास अधिकारी की डीएससी को सिस्टम पर रजिस्टर किया गया। सम्पूर्ण तकनीकी प्रक्रिया का संचालन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट को एडिट किया जा सकता है लेकिन अनुमोदन के उपरांत इसे एडिट नहीं किया जा सकता। इस व्यवस्था में फ़ाइल को ऑनलाइन ही वापस भेजा जा सकता है। लंबित मामले इनबॉक्स में दिखेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रणबीर गंगवा को उपमुख्यमंत्री और रामकुमार कश्यप को मन्त्री बनाए जाने की मांग

## अति पिछड़ा वर्ग ने हितों व हकों को लेकर किया मंथन



(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)
15 वीं विधानसभा के लिए हरियाणा मन्त्रीमण्डल में अति पिछडा वर्ग कोटे से तीसरी बार विधायक बने रणबीर सिंह गंगवा बरवाला को उपमुख्यमंत्री एवं रामकुमार कश्यप इन्द्री को भी मन्त्री बनाए जाने की मांग उठने लगी है। इस बारे अति पिछड़ा वर्ग सर्व समाज के विभिन्न संगठनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने जींद स्थित शहीदी स्मारक के निकट पार्क में एक अहम बैठक कर यह मांग उठाई है। बैठक की अध्यक्षता पिछडा वर्ग सर्व समाज जिला जींद के प्रभारी सूरतसिंह सैन ने की और बैठक का एजेण्डा लोक सम्पर्क विभाग के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने रखा। इस बैठक में सैन समाज सेवा समिति जींद के जिला प्रधान रणबीरसिंह तंवर,रोहिल्ला समाज के प्रधान मा नारायणसिंह, जांगड़ा समाज के प्रधान जोगेन्द्र सिंह, विश्वकर्मा संगठन राष्ट्रीय उपप्रधान सुलतान सिंह जांगड़ा आर्य, बीसी समाज के जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुरेश दिनोदिया,जिला महासचिव सुरेन्द्र वर्मा,संगठन सचिव जयप्रकाश दहिया,सैन समाज सचिव राजबीर बाजवान ने विशेष तौर से भाग लिया। बैठक में पिछड़े वर्गों के हितों एवं अधिकारों व अन्य मुद्दों बारे मंथन किया गया और वर्तमान बीजेपी की बनने वाली नई सरकार में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग उठाई। मीडिया से बातचीत करते हुए लोक सम्पर्क अधिकारी रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि हरियाणा में अति पिछडा वर्ग की लगभग 32 प्रतिशत आबादी है और वर्तमान में बीसी ए के दो नेता शानदार जीत के साथ बरवाला विधानसभा क्षेत्र से रणबीर सिंह गंगवा और इन्द्री से रामकुमार कश्यप नवनिर्वाचित विधायक बने हैं। अब मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी के नेतृत्व में बनने वाली नवगठित सरकार में समाज उम्मीद करता है कि बीसी ए कोटे से सरकार में उचित हिस्सेदारी सुनिश्चित हो और प्रतिनिधित्व के रूप में रणबीर गंगवा को डिप्टी सीएम एवं रामकुमार कश्यप को भी मन्त्रीमण्डल में जगह दी जाए ताकि अति पिछड़े वर्गों का भी कल्याण एवं उत्थान सम्भव हो सके। बीसी का बैकलाग भरने,राजनैतिक हिस्सेदारी व अन्य हितों एवं अधिकारों बारे अपने विचार रखे और बीसी ए के नवनिर्वाचित विधायकों रणबीर गंगवा व रामकुमार कश्यप को मन्त्रीमण्डल में वरिष्ठ स्थान देने की भी मांग की। इस मौके पर बीसी समाज की ओर से भारत के पूर्व राष्ट्रपति ,भारत रत्न,मिसाइलमैन के नाम से प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा एपीजे अब्दुल कलाम की जयन्ती पर उन्हें सादर नमन व वंदन किया गया।

# निलंबित खंड शिक्षाधिकारी बिखौफहोकर कर रहा अनाधिकृत आदेश

रामपुरा(जालौन)। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जालौन की शह पाकर रामपुरा का निलम्बित खंड शिक्षा अधिकारी बेखौफ होकर धनउगाही करने के प्रयास में अनाधिकृत के रूप से आदेश जारी कर रहा है। ज्ञात हो कि विकासखंड रामपुरा में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह पटेल के द्वारा शिक्षकों का उत्पीड़न कर उनसे धन उगाही करने की निरंतर शिकायते चर्चा में रही हैं। जिसकी कर्कश ध्वनि उत्तर प्रदेश के शिक्षा केंद्र प्रयागराज तक पहुंच गई परिणाम स्वरूप शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश प्रयागराज ने 10 अक्टूबर 2024 को अमर सिंह पटेल खंड शिक्षा अधिकारी रामपुरा जालौन का निलंबन कर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक झांसी कार्यालय में संबद्ध कर दिया। कार्यालय शिक्षा निदेशक बेसिक उत्तर प्रदेश प्रयागराज के आदेश में 10 अक्टूबर 2024 के तहत खंड शिक्षा अधिकारी रामपुरा को निलंबित किए जाने एवं सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक झांसी कार्यालय संबद्ध किए जाने के बावजूद बेसिक शिक्षा अधिकारी जालौन के कृपा पात्र अमर सिंह पटेल शिक्षा निदेशक बेसिक उत्तर प्रदेश के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए अपने को अभी भी खंड शिक्षा अधिकारी के दायित्व से मुक्त नहीं कर पा रहे हैं एवं शिक्षकों पर अपना पावर एवं रुतवे का प्रभाव दिखाने एवं संभवता चलते-चलते विष्णु प्रिया लक्ष्मीजी की प्राप्ति की नीयत से निलंबन के चार दिन बाद भी 14 अक्टूबर 2024 को अपने हस्ताक्षर युक्त खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रामपुरा से दिनांक 15 अक्टूबर के लिए चार अलग-अलग विद्यालयों में संकुल शिक्षकों की बैठक का फरमान जारी कर बैठक में प्रभारी के नियुक्ति की भी घोषणा कर रहे हैं। निलम्बित खंड शिक्षा अधिकारी रामपुरा अमर सिंह पटेल के इस आदेश को उनकी हठधर्मिता या बेहयाई माना जाए अथवा बेसिक शिक्षा अधिकारी जालौन चन्द्रप्रकाश निषाद के आशीर्वाद की महिमा माना जाए यह जांच का विषय है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया महिला सशक्तिकरण का सन्देश



संवाददाता
हरदोई। कलेक्ट्रेट परिसर में मिशन शक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। दल नेता पूजा के नेतृत्व में नाटक के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का सन्देश दिया गया। डायल 112 व महिला हेल्पलाइन 1090 के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी दी गयी। शराब से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। दल नेता ने कहा कि महिला अपराधों के मामले में समाज को मूक नहीं रहना चाहिए। सशक्त नारी सशक्त समाज का निर्माण करती है। इस अवसर पर मिशन शक्ति से जुड़े पुलिस कर्मी व बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# ग्राम सभा भूमि पर दबंग कर रहे पक्का निर्माण

## हाई कोर्ट के आदेश पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को कार्रवाई का दिया निर्देश, शिकायत के बाद भी नहीं रुका था निर्माण मिली भगत का आरोप

मोहन कुमार ब्यूरो
लोकजन संदेश
कानपुर देहात अकबरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पुर की करोड़ों रुपए की कीमती लगभग 12 बीघे ग्राम सभा भूमि पर दबंग जिम्मेदारों की अनदेखी से अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण करने में लगे हैं। मामले में राजस्व परिषद के निर्देश व हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी तहसील प्रशासन अवैध कब्जे की अनदेखी कर रहा है। शिकायतों के बाद भी अवैध निर्माण ना रोके जाने पर ग्रामीणों ने तहसील अफसरों की मिली भगत से अवैध निर्माण होने का आरोप लगाया है। ग्राम सभा पुर की घाटा संख्या 794 रखवा 2.551 हेक्टेयर में गांव के ही दवंगों व प्रधान के परिजनों ने अवैध कब्जा कर रखा है। पूर्व में हुई शिकायत पर 6/6/2023 को तहसील प्रशासन ने इन अवैध कबजे दारों पर जुर्माना करने के साथ बेदखली का नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी अवैध कब्जे जारी रहने पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दाखिल पी आई एल नंबर 2447/ 2023 में उच्च न्यायालय ने 5 /12 / 2023 को तहसील प्रशासन को 6 माह के अंदर करवाई कर अवगत कराने का आदेश जारी किया था। इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। दबंग कबजेदारों के हौसले बुलंद हैं पिछले कई दिनों से पक्के निर्माण का कार्य जारी है। इस संबंध में शिकायतों के बाद लेखपाल ने गांव पहुंचकर अवैध निर्माण रोकने को कहा लेकिन दबंग बराबर पक्का निर्माण करने में जुटे रहे। अवैध कब्जों के संबंध में अध्यक्ष राजस्व परिषद ने भी मामले को गंभीरता से लेकर जिला प्रशासन को प्रभावी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। इसके बाद भी पक्का निर्माण जारी रहने से जहां गांव में तनाव का माहौल बना है। वहीं ग्रामीण तहसील प्रशासन पर सांठ गांठ का आरोप लगाकर अफसरों की कर शैली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। वही हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन करने के लिए जिलाधिकारी ने एसडीएम अकबरपुर को निर्देशित करते हुए कहा है कि लोगों के खिलाफ विधि कार्रवाई करके ग्राम सभा की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए जिस पर संवाददाता ने अकबरपुर के तहसीलदार से मिलने का प्रयास किया लेकिन मीटिंग में होने के कारण अकबरपुर नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया तहसीलदार ने नौं व्यक्तियों के खिलाफ बेदखली की विधिक कार्रवाई कर दी है। एक व्यक्ति की कार्रवाई शीघ्र होते ही जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।



# डी बी एस कालेज में एक द्विवसीय रोजगार मेला आज

कानपुर –प्रादेशिक सेवायोजन कार्यालय एंव डीबी एस कालेज गोबिन्द नगर के संयुक्त तत्वावधान में एक द्विवसीय रोजगार मेले का आयोजन 16अक्टूबरको प्रातः 10बजे डी बी एस कालेज गोबिन्द नगर में आयोजित किया गया है मेले में 1519रिक्तियों हेतु 15कम्पनियां प्रतिभाग करने आ रही है मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को ?सेवायोजन कार्यालय के पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है यह जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन कानपुर मण्डल उज्जवल कुमार सिंह ने दी श्री सिंह ने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी पुरुष व महिलाएं जिसकी आयु 18से55वर्ष है तथा जिनकी शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल से स्नातक व आई टी आई उत्तीर्ण है वह अपनी चुनी हुई कम्पनियों में अपने चुने हुए पदों हेतु साक्षात्कार में भाग लेने हेतु 9700/–रू से 30000/––रूतक प्रतिमाह वेतनमान पर 16अक्टूबरको प्रातः 10बजे मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं अभ्यार्थियों के लिए कालेज के गेट पर कम्पनियों के नाम व पदनाम की लिस्ट लगी होगी उसे देखकर कर आवेदन कर सात्क्षाकार में भाग ले सकते हैं

# पेंशनरों ने बिठूर के हनुमान मंदिर धाम में वृक्षारोपण कर हनुमान चालीसा का पाठ किया



कानपुर नगर –बिठूर स्थिति संकट मोचन हनुमान मंदिर जहां 40फीट की विशाल हनुमान जी मूर्ति स्थापित है, के मंहत पं0देवदास जी महराज के नेतृत्व में मंन्दिर प्रांगण में आज धार्मिक वृक्ष रूद्राक्ष, चन्दन, व कपूर के साथ तुलसी के अनेकों वृक्षों का रोपण किया गया , ऐतिहासिक बिठूर की नगरी में जन–मानस व संकटमोचन हनुमान धाम में सेवानिवृत्त कर्मचारी एंव पेंशनर्स एसोसिएशन कानपुर के पदाधिकारियों ने प्रथम बार धार्मिक वृक्षों के व्दारा मंन्दिर को शोभायमान बनाने का संकल्प लिया था, जिसको आज पूरा किया तत्पश्चात उपस्थित जनसमूह के साथ पेंशनर्स ने हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन कर हनुमान जी से प्रार्थना किया कि देश में अमन चैन भाई चारा पूर्व की भांति सदैव स्थापित रहे, और धर्म की अग्रसर रहे कार्यक्रम में महंत पं0देवदास,, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, श्रीमती कल्पना तिवारी,पं0मन मोहन झा,,दीपक अवस्थी, प्रेम शंकर मिश्रा, अंकित, पं0मुकेश ज्योतिष शास्त्री,आर पी श्रीवास्तव एडवोकेट, चन्दहास सिंह चौहान एडवोकेट,बी एल गुलाबिया, बेचे लाल कुशवाहा, अशोक कुमार मिश्रा, रविन्द्र कुमार मधुर, सुनील सुमन आदि थे

# झींझक नगर पालिका की सड़कों की बहुत ही खराब स्थिति आम जनमानस को निकलने में होती है परेशानियां



लोकजन संदेश

कानपुर देहात झींझक की सड़कों की स्थिति कई वर्षों से बहुत ही खराब है कोई भी जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान नहीं देना चाहता आम जनमानस को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है सबसे ज्यादा मुसीबतें बरसात के समय होती हैं बरसात के समय सड़कों में पानी भर जाता है कभी–कभी लोग गिर भी जाते हैं जिससे जान माल का खतरा भी हो सकता है केवल जनप्रतिनिधि चुनाव के समय ही नजर आते हैं इसके बाद वह फील्ड में काम नहीं करना चाहते जनप्रतिनिधि जनता के द्वारा चुना जाता है लेकिन जनता को ही धोखे में रखा जाता है जनता इसीलिए वोट करती है कि उसको सड़क पानी और बिजली सही से मिले जनता केवल इन्हीं चीजों की उम्मीद करती है लेकिन कोई भी जन प्रतिनिधि इस पर ध्यान नहीं देता है जनप्रतिनिधियों को जीतने के बाद गुटबाजी नहीं करनी चाहिए जीतने के बाद सभी जनता को सभी जनप्रतिनिधियों को एक समान समझना चाहिए इस मौके पर मनोज शंखवार राकेश कुमार अवध बिहारी राठौर सफीक राजू और बहुत से साथी गढ़ उपस्थित रहे।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का अधिवेशन 20 अक्टूबर को संघ भवन में होगा



कानपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कानपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन लोक निर्माण विभाग के संघ भवन सिविल लाइन्स में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी महामंत्री शिवबरन सिंह यादव एवं संरक्षक भूपेश अवस्थी की उपस्थिति में होगा प्रदेश महामंत्री ने देवेश द्विवेदी मंडल अध्यक्ष संतोष तिवारी मंडल महामंत्री को अधिवेशन की कार्यवाही हेतु नियुक्त किया है जिसकी देख रेख में अधिवेशन की कार्यवाही सम्पन्न होगी उक्त जानकारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कानपुर के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा एवं मंत्री उदयराज सिंह यादव ने दी है

# कोहना थाने की पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया



कानपुर । कोहना थाने क्षेत्र के कर्बला चौराहे के पास पुलिस चेकिंग में एक लोडर में 20 बंडल विस्फोटक पदार्थ (पटाखा ) बरामद हुआ रानी घाट चौकी इंचार्ज गौरव कुमार व गंगा बैराज चौकी इंचार्ज प्रशांत कुमार की संयुक्त चेकिंग में विस्फोटक पदार्थ को बरामद किया गया ।मुखबिर की सूचना पर तत्काल मुस्तैदी दिखाते हुए विस्फोटक पदार्थ के साथ एक अभियुक्त को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम आरिफ उम्र 25 वर्ष पुत्र आबिद अली जिला उन्नाव का रहने वाला है ।युवक को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैगिरफ्तार वाली करने वाली टीम में रानी घाट चौकी प्रभारी गौरव कुमार ,उप निरीक्षक अरविंद कुमार, गंगा बैराज चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार, कां. अंकित चौधरी कां.विवेक शर्मा की अहम भूमिका रही ।

# स्पोर्ट्समैन लाइफ में कभी झटका नहीं खाता-पुलिस आयुक्त

**-खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते टीएसएच में बोले पुलिस आयुक्त अखिल कुमार-टीएसएच थर्ड स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में दूसरा दिन -पुलिस कमिश्नर,कानपुर श्री अखिल कुमार ने किया टूर्नामेंट में पुरस्कार वितरण -पुरुष वर्ग में गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा बने टूर्नामेंट चैंपियन -महिला वर्ग में गाजियाबाद की सुहाना महाजन बनी विजेता**




कानपुर।'द स्पोर्ट्स हब' और कानपुर टेबल टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में टीएसएच थर्ड स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन मंगलवार को पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर कानपुर नगर अखिल कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने खिलाड़ियों से कहा की खिलाड़ी रोज हराना सीखता है और जो हारना सीख गया वो जीवन में कभी नहीं हारता और ना कभी निराश होता है। खेल बहुत कुछ सिखाता है अनुसाशन, एकाग्रता, टीम भावना जिनमें प्रमुख है। किसी अन्य विधा और क्षेत्र का व्यक्ति जीवन में परेशानी या बुरा समय आने पर हार सकता है लेकिन उसी स्थिति में रहने पर स्पोर्ट्समैन लाइफ में कभी झटका नहीं खाता है। कार्यक्रम के अंत में संजीव पाठक जी सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच पर प्रमुख रूप से अरुण बनर्जी( पूर्व सचिव टीटीएफआई), अंतराष्ट्रीय टीटी खिलाड़ी गीता टंडन कपूर, टीएसएच के निदेशक प्रणीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, यूपीटीटीए पी के जैन, सचिव के टी टी ए संजय टंडन, राकेश सिंह उपस्थित थे । संचालन आशुतोष सत्यम झा ने किया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से टीएसएच के डायरेक्टर आपरेशंस पीके श्रीवास्तव, सुनील सिंह, रवि पोपटानी, अनिल वर्मा, अविनाश यादव, अनमोल दीप आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

आज के परिणाम इस प्रकार है

फाइनल –

सार्थ मिश्रा गाजियाबाद ने दिव्यांश श्रीवास्तव लखनऊ को 8/11,11/5,11/7,11/5 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

सेमी फाइनल

दिव्यांश श्रीवास्तव लखनऊ ने अंश सबरवाल सहारनपुर को 11/5,12/10,5/11,11/8 से तथा सारथ मिश्रा गाजियाबाद ने अवि पाल प्रयागराज को 11/7,12/10,12/14,11/8 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

क्वार्टर फाइनल – दिव्यांश श्रीवास्तव लखनऊ ने सत्यम गिरी गुप्ता कानपुर को 11/6,11/8,11/5 से अंश सबरवाल सहारनपुर ने सुब्रत राज वर्मा इटावा को 11/4,11/5,9/11,11/9 से सार्थ मिश्रा गाजियाबाद ने श्रीधर जोशी को 14/12,6/11,11/3,11/7 से अवि पाल प्रयागराज ने अरविंद चौधरी गाजियाबाद को 11/4,11/4,11/6 से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया

महिला वर्ग

फाइनल सुहानी महाजन गाजियाबाद ने अवनी त्रिपाठी गाजियाबाद को 8/11,14/12,7/11,11/7,13/11 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

सेमी फाइनल अवनी त्रिपाठी गाजियाबाद ने अनिका गुप्ता गाजियाबाद को 11/4,11/7,7/11,11/6 से तथा सुहानी महाजन गाजियाबाद ने आरती चौधरी गाजियाबाद को 11/7,6/11,12/10,11/7 से हराकर फाइनल में पहुंचे।

क्वार्टर फाइनल

अनिका गुप्ता गाजियाबाद ने गुनगुन साहू लखनऊ को 11/7,13/11,11/6 से अवनी त्रिपाठी गाजियाबाद ने दिशा गाजियाबाद को 10/12,11/2,11/8,13/11 से सुहानी महाजन गाजियाबाद ने वैष्णवी धुरिया प्रयागराज को 11/5,11/9,11/6 से आरती चौधरी गाजियाबाद ने सृष्टि जायसवाल प्रयागराज को 3/11,8/11,12/10,11/3,

13/11 से हराकर सेमी फाइनल में अपनी जगह बनाई।

यूथ बालक

रौनक सिंह गाजियाबाद ने अंकित पाल प्रयागराज को 11/3,11/6,11/8 से अवि पाल प्रयागराज ने अथर्व श्रीवास्तव प्रयागराज को 11/6,11/9,11/8 से,युवान गौतम बुद्ध नगर ने श्री सारस्वत को 11/3,11/8,15/13 से आर्यन कुमार प्रयागराज ने शिवम् चौधरी सहारनपुर को 12/14,11/7,11/6,11/4 से आदित्य सिंह अलीगढ़ ने अभ्युदय प्रताप सिंह गोरखपुर को 9/11,11/4,11/6,11/5 से मौलिक चौधरी आगरा ने विख्यात कतियाल मुरादाबाद को 11/4,11/4,7/11,11/7 से अद्वैत गुप्ता कानपुर ने आयुष बग्गा लखनऊ को 11/1,11/4,13/11 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे।

यूथ बालिका वर्ग

क्वार्टर फाइनल – सुहानी महाजन गाजियाबाद ने सौम्य सिंह वाराणसी को 11/4,11/4,11/6 से अवनी त्रिपाठी ने त्रिशा गाजियाबाद को 11/5,11/5,11/5 से अनिका गुप्ता गाजियाबाद ने यशिका तिवारी गाजियाबाद को 11/9,11/4,11/8से तथा दिशा गाजियाबाद ने सुहानी अग्रवाल आगरा को 7/11,11/6,12/10,18/16 से हराकर सेमी फाइनल में अपनी जगह बनाई।

कल सायं चार बजे पुरस्कार वितरण। अपर महानिदेशक पुलिस, कानपुर जोन श्री आलोक सिंह करेंगे।

# करोड़ों का घोटाला कर भाग गई सिटी प्राइम कंपनी। डिसटीब्यूटरों ने लाखों डकारे

**डिस्ट्रीब्यूटर ने पुलिस से मिलाया हाथ अब नहीं होगी कार्रवाही, डिस्ट्रीब्यूटर पुलिस प्रभारी को बताता अपना खास रिश्तेदार, टीवी कंज्यूमरो में भारी आक्रोश पुलिस से उठ रहा विश्वास**

लोकजन संदेश

कानपुर देहात थाना मंगलपुर कस्बा झींझक फोर्जर सिटी प्राइम कंपनी के भाग जाने पर डिस्ट्रीब्यूटरो ने लाखों रुपए कमा कर कंज्यूमरो के करोड़ों रुपए की चपत दी है कंज्यूमर वर्क जब डिस्ट्रीब्यूटर से पैसे की मांग करते हैं तब उन्हें गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी जाती है आब पुलिस भी डिसटीब्यूटरों से संबंध बनाने लगी है पीड़ितों ने पुलिस के आल्हा अफसर से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है कस्बा झींझक क्षेत्र में फोर्जर सिटी प्राइम कंपनी जिसने दर्जनों डिसटीब्यूटरों को बनाया क्षेत्र क्या समूचे जिले में डिसटीब्यूटरों ने जनता को बेवकूफ बनाकर कहां की 75 हजार की टीवी ऐड लगवा लो 10000 प्रति माह 3 साल तक पाओ 6 घंटा ऐड चलाओ डिसटीब्यूटरों ने सैकड़ो लोगों से रुपया नगद कर लिया 3 माह तक बीते जब फोर्जर सिटी प्राइम कंपनी भाग गई और डिसटीब्यूटरों की बल्ले बल्ले हो गई द्य भुक्त भोगी देवाशीष वाजपेई ने बताया फोर्जर सिटी प्राइम का डिस्ट्रीब्यूटर रोहित गुप्ता ने एक सैकड़ा से अधिक कंज्यूमरों के टीवी लगवाई उधर उक्त कंपनी अपने डिसटीब्यूटरों को 75हजार की टीवी लगाने पर 10हजार कमीशन तथा पांच टीवी लगाने पर एक लाख की एक टीवी इनाम में दी जाती थी इस प्रकार डिस्ट्रीब्यूटर ने 30 लाख से अधिक का मुनाफा कमा लिया तीन माह नहीं बीते उक्त कंपनी भाग गई इसमें हजारों लोग ऐसे हैं जिन्होंने टीवी लगवा कर करोड़ों रुपए का नुकसान सहा डिसटीब्यूटरों ने लाखों रुपए कमा लिए टीवी लगवाने करोड़ों का चूना लगा दिया गयाद्य डिस्ट्रीब्यूटरो ने करोड़ों का चूना लगा दिया गयाद्य डिस्ट्रीब्यूटर से जब कंज्यूमर अपना पैसा मांगता है तब उसे जान से करने एवं फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दी जाती है डिसटीब्यूटरों ने पुलिस से सांठ गांठ करके करीब एक लाख का पैकेज दे दिया आप पुलिस डिस्ट्रीब्यूटर की खुलकर वकालत कर रही है यदि कोई कंज्यूमर पुलिस में सिटी प्राइम की बात करता है तो पुलिस उसे ईतना भयभीत कर देती है जिसे थाना चौकी जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं इससे टीवी उपभोक्ताओं मैं रोज व्याप्त है पीड़ित देवाशीष बाजपेई फोर्जर सिटी प्राइम के डिस्ट्रीब्यूटर रोहित गुप्ता के विरुद्ध उपरोक्त मामले से पुलिस के आला अफसरो को अवगत कराया है उक्त डिस्ट्रीब्यूटर के विरुद्ध दिनांक 04-09-2024 को पोर्टल संदर्भ संख्या 40016324012294 पर शिकायत दर्ज कराई थी पुलिस जांच कर रही उधर उक्त डिस्ट्रीब्यूटर रोहित गुप्ता ने गाली गलौज एवं जान से मारने एवं झूठे मुकदमे में फ़साने की धमकी दी है उक्त डिस्ट्रीब्यूटर रोहित गुप्ता थाना मंगलपुर चौकी झींझक के दरोगा और सिपाहियों को अपना रिश्तेदार बताता है यह कथन सत्य है प्रार्थी गढ़ एवं परिवारजन भयभीत है थाना मंगलपुर पुलिस किसी जघन्य मामले में झूठ ना फसा दे पुलिस के आला अफसर से सुरक्षा की मांग की है।

# तन्ज़ीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत के ज़ेरे एहतिमाम जशने ग़ौसुलवरा व इस्लाहे मुआशिरा का ग्यारहवां जलसा फ़ज़लगंज मे हुआ




कानपुर पीराने पीर दस्तगीर सरकार गौस–ए–आज़म शेख मुहीउद्दीन अब्दुल क़ादिर जीलानी रजि अल्लाहो अन्हु की बारगाह मे खिराजे अक़ीदत पेश करने के लिए तन्ज़ीम बरेलवी उलमा–ए–अहले सुन्नत के ज़ेरे एहतिमाम नवाँ सालाना ग्यारह रोज़ा इजलास जशने गौसुलवरा व इस्लाहे मुआशिरा का सिलसिला जारी है जिसका ग्यारहवां जलसा रज़ा जामा मस्जिद फ़ज़लगंज मे हुआ जिसकी सदारत तन्ज़ीम के सदर हाफिज़ व क़ारी सैयद मोहम्मद फ़ैसल जाफ़री ने की मौलाना महमूद रज़ा क़ादरी ने खिताब फरमाते हुए कहा कि गौस–ए–आज़म को अल्लाह पाक ने बेपनाह फ़ज़्लो कमाल से नवाज़ा कोई मंगता भी आपके दर से खाली न गया हर एक की आपने मदद की आपकी वालिदा कुरआन पाक की तिलावत करती है आप अपनी माँ के पेट मे है जब आपकी विलादत (पैदाईश) हुई तो आपको कुरआन पाक के 18 पारे हिफ़्ज़(बिना देखे) थे इसीलिए दौराने हमल औरतो को बहुत एहतियात करना चाहिए नमाज़ और कुरान की तिलावत करना चाहिए बुराईयो से बचना चाहिए जैसा काम औरत करेगी उसका असर उस बच्चे मे पड़ता है मौलाना ने आगे कहा कि एक बार गौसे आज़म एक दरिया के रास्ते से गुज़र रहे थे तो देखा एक उर्म दराज़ औरत दरिया के पास आंसू बहा रही है आपने पूछा क्या बात है उस औरत ने कहा कि मेरा बेटा व बाराती यह सब दरिया मे डूब गये है जिसको 12 साल हो गये है रोज़ाना इन्तिज़ार करती हूं कि कोई अल्लाह वाला आएगा और मेरे बेटे की डूबी हुई कश्ती को बाहर निकालेगा आपने फरमाया परेशान मत हो आपने अल्लाह की बारगाह मे दुआ की थोड़ी देर बाद ज़माने ने देखा कि 12 साल पहले की डूबी हुई कश्ती दरिया के ऊपर तैरती दिखी यह देखकर उस औरत के चेहरे पे मुस्कुराहट आ गई और उनका बेटा व सभी बाराती सही सलामत दरिया से बाहर आ गए इस पर बरेली शरीफ के शहज़ादहे आला हज़रत हुज़ूर मुफ्ती–ए–आज़म हिन्द फरमाते है कि (जो डूबी थी कश्ती वह दम मे निकाली,तुम्हे ऐसी कुदरत मिली गौसे आज़म) यह ताक़त अल्लाह ने गौसे आज़म को अता फरमाई इससे पहले जलसे का आगाज़ तिलावते कुरान पाक से हाफिज़ मोहम्मद अबरार ने किया और निजामत सैयद हसनैन ने की हाफिज़ मोहम्मद आमिर अज़हरी, हाफिज़ गुलाम जीलानी ने नात पाक पेश की जलसा सलातो सलाम व दुआ के साथ खत्म हुआ जलसे के बाद शीरनी तक़सीम की गई इस मौके पर मोहम्मद अबसार ,मोहम्मद अफजाल,मोहम्मद इश्तियाक आदि लोग मौजूद थे!

लोकजन संदेश
हिन्दी दैनिक
स्वामी प्रकाशक मुद्रक मो. सलीम द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डन नं. 6–ए/7 रेलबजार कानपुर नगर–208004 से छपवाकर प्रधान कार्यालय 105/55 चमनगंज कानपुर 208001 से प्रकाशित। Email:
knplokjansandesh@gmail.com
lokjansandesh1@gmail.com
R.N.I: UPHIN/2015/68360
समाचार पत्र से प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी आपत्तियां दो सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएंगी। समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे। समाचार पत्र के सभी पद अवैतनिक हैं।
संपादक
मो. सलीम
8840049299